Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 188 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, बुधवार 17 जनवरी 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



देशवासी का प्रथम कर्त्तव्य अपने देश पर अभिमान है।

Being a religious person feels grief looking at an aggrived

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल : हायर सेकेण्डरी परीक्षा 9 मार्च एवं हाई स्कूल परीक्षा 11 मार्च से

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित परीक्षा सत्र 2024 की समय-सारणी का निर्धारण किया गया है। हायर सेकेण्डरी की परीक्षा 9 मार्च से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल तक और हाई स्कूल की परीक्षा 11 मार्च से प्रारंभ होकर 3 अप्रैल तक आयोजित होगी। परीक्षा का समय दोपहर 1.45 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के सचिव प्रोफेसर व्ही. के. गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि छात्र-छात्राएं अपनी परीक्षा से संबंधित समय-सारणी का अवलोकन एवं जानकारी समीपस्थ अध्ययन केन्द्र से प्राप्त कर सकते है। इसके अलावा कार्यलयीन वेबसाइट www.sos.cg.nic.in पर भी समय-सारणी उपलब्ध है, जिसे छात्र-छात्राएं डाउनलोड कर सकते है।

### ज्ञानवापी मामले में हिंदू पक्ष की जीत, शिवलिंग के टैंक की सफाई वाली याचिक स्वीकार

**वाराणसी (आरएनएस)।** ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में सील एरिया में सफाई की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। हिंदू पक्ष ने ज्ञानवापी के सील एरिया को खुलवाकर तत्काल सफाई की मांग की याचिका दायर की थी। हिंदू पक्ष की मांग को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है और सफाई का आदेश दिया है। कोर्ट ने डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट की देखरेख में सफाई की इजाजत दी है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हेलमेट जागरूकता रैली और अंजोर रथ को बगिया निवास से किया रवाना




● 34 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत अगले एक माह तक पूरे जिले में घूमेगा जागरूकता रथ, सड़क और साइबर सुरक्षा के प्रति लोगों को करेगा जागरूक



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जशपुर जिले के अपने गृहग्राम बगिया के निवास स्थल से सड़क सुरक्षा हेलमेट जागरूकता रैली और अंजोर रथ को रवाना किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सभी से यातायात नियमों के पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोपहिया चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें, चार पहिया में सीट बेल्ट जरूर लगाएं। नशे में गाड़ी न चलाएं। सड़क पर लापरवाही से न चलें। एक छोटी सी चूक से कई जिंदगी दांव पर लग जाती है। अतः जिम्मेदारी पूर्वक नियमों का पालन करें। इस मौके पर विधायक पत्थलगांव श्रीमती गोमती साय, आईजी श्री अंकित गर्ग, सीसीएफ श्री नवीद सजाउद्दीन, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, एसपी श्री डी रविशंकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि व वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

34 वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत जशपुर जिला पुलिस विभाग द्वारा यह रैली निकाली गई है। जो लोगों को यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुए नियमों के पालन के लिए प्रेरित करेगी। नवा अंजोर रथ में वीडियो फिल्मस के माध्यम से सड़क सुरक्षा और साइबर सिक्योरिटी के लिए रखी जाने वाली सावधानियों के प्रति आम जन को जागरूक किया जाएगा। यह रथ अगले माह तक पूरे जिले का भ्रमण करेगा।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आंध्र प्रदेश के लेपाक्षी में ऐतिहासिक वीरभद्र मंदिर में की पूजा-अर्चना



**पुट्टपर्थी (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आंध्र प्रदेश के श्री सत्य साईं जिले के लेपाक्षी में ऐतिहासिक वीरभद्र मंदिर में पूजा-अर्चना की।

दिल्ली से पुट्टपर्थी पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री लेपाक्षी के लिए रवाना हुए, जिसे हिंदू महाकाव्य रामायण में एक महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है।

ऐसा माना जाता है कि रावण द्वारा अपहरण के बाद विशाल गरुड़ जटायु ने देवी सीता का लेपाक्षी तक पीछा किया था। पुजारियों ने प्रधानमंत्री को मंदिर का महत्व समझाया। उन्होंने विभिन्न अनुष्ठान किए और श्रीराम जय राम भजन का जाप किया और रंगनाथ रामायण के छंद भी सुने, जो तेलुगू में हैं। प्रधानमंत्री ने रामायण की घटनाओं को दर्शाने वाला कठपुतली शो भी देखा। उन्होंने ऐतिहासिक मंदिर का भ्रमण किया और लेपाक्षी हस्तशिल्प को देखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का इस स्थल का दौरा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन से एक सप्ताह पहले हो रहा है। लेपाक्षी की यात्रा के बाद प्रधानमंत्री ने उसी जिले के पलासमुद्रम में राष्ट्रीय सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर और नारकोटिक्स अकादमी (एनएसीआईएन) के नए परिसर का उद्घाटन किया।

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एक पॉलिटिकल इवेंट, कांग्रेस नहीं होगी शामिल : राहुल गांधी




**कोहिमा (आरएनएस)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम एक चुनावी और राजनीतिक समारोह है, इसीलिए कांग्रेस ने इस कार्यक्रम में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा (बीजेएनवाई) अब नागालैंड पहुंच गई है। इसमें हिस्सा ले रहे कांग्रेस नेता ने कहा कि अयोध्या में कार्यक्रम राजनीतिक है। यह आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम है। उन्होंने कहा, हमारे (कांग्रेस) लिए 22 जनवरी के समारोह में शामिल होना मुश्किल है। यह मोदी का कार्यक्रम है। वे (भाजपा) धार्मिक कार्यक्रमों को हमेशा चुनावी बना देते हैं। हम सभी धर्मों का सम्मान करते हैं और हमारे लिए सभी धर्म एक समान हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष हिंदू धार्मिक नेता भी 22 जनवरी के समारोह पर सवाल उठा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री साय आज बालोद जिले में 174 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण-भूमिपूजन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय 17 जनवरी को बालोद जिले के तहसील मुख्यालय गुण्डरदेही में अपने प्रथम आगमन के दौरान आयोजित समारोह में जिले में 174 करोड़ 93 लाख रूपये की लागत के 74 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान श्री साय जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, आदिवासी विकास विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन करेंगे।

मुख्यमंत्री गुण्डरदेही में सर्वप्रथम जेएलएम अंग्रेजी माध्यम स्कूल परिसर में विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात वे जेएलएम अंग्रेजी माध्यम स्कूल मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे। इस दौरान वे वहाँ लगाए गये स्टालों का निरीक्षण करने के अलावा शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय जेएलएम अंग्रेजी माध्यम स्कूल मैदान में आयोजित तुलसी मानस प्रतिष्ठान के श्री रामचरित मानस के प्रति वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर प्रतीकात्मक रूप से कुल 21 श्रद्धालुओं को श्री रामचरित मानस की प्रति भेंट कर श्री रामचरित मानस के पठन-पाठन तथा जन-जन तक इनके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आम जनता को प्रोत्साहित करेंगे। समारोह में छत्तीसगढ़ की ख्यातिलब्ध मानस मण्डलियों द्वारा भजन की भी प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय 05 रामायण मण्डलियों को पुरस्कृत भी करेंगे।

## सनातन धर्म में सेन समाज का महत्वपूर्ण स्थान है : मंत्री बृजमोहन अग्रवाल

**संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री ने कहा- संगठित समाज को आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** किसी के दुख और सुख में साथ खड़े रहना एक सभ्य समाज की पहचान है। सेन समाज उन्ही में से एक है। सनातन धर्म में सेन समाज का एक महत्वपूर्ण स्थान है। ये बात संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने मंगलवार को दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित सेन समाज के संवाद कार्यक्रम में कही। बृजमोहन अग्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और संत शिरोमणि सेन महाराज को माल्यार्पण कर याद किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि सनातन धर्म में सेन समाज के बगैर कुछ भी संभव नहीं होता है। बच्चों के मुंडन से लेकर शादी तक में सेन समाज का महत्वपूर्ण स्थान रहता है। दो परिवारों को एक साथ लाने उनको निमंत्रण देने में भी सेन समाज को ही भेजा जाता है। अंतिम संस्कार भी सेन समाज के बगैर पूरा नहीं हो सकता। इसलिए सेन समाज का महत्वपूर्ण स्थान है। श्री अग्रवाल ने समाज को संगठित होने के लिए कहा कि, जो समाज संगठित होता है उसे आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने लोगों से अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए कहा।

साथ ही आह्वान किया कि लोग समाज की भलाई के लिए एक ट्रस्ट बनाकर उसमें सहयोग राशि जमा करें। जिसका उपयोग गरीब बच्चों की शिक्षा, गरीब बेटियों की शादी और गरीबों के इलाज में किया जा सके। ऐसा करने से सेन समाज संगठित होगा और सबका भला होगा। बृजमोहन अग्रवाल ने समाज से 22 जनवरी को पूरे देश में एक बार फिर से दीवाली मनाने को कहा। कार्यक्रम में वैशाली नगर विधायक श्री रिकेश सेन का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण, भूपेंद्र शंकर, बल्लू शंकर, प्रहलाद गंगाराम, लुका कौशिक, समेत देश भर से आए समाज के सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ श्री बालाराम सेन को भी सम्मानित किया गया।

## सौर ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को मिला 'स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट सर्टिफिकेट'

**सौर ऊर्जा संयंत्रों के प्रभावी संचालन, संधारण एवं रख-रखाव की बेहतर प्रणाली के लिए मिला सम्मान**




**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ ने गैरपरंपरागत ऊर्जा के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। गैरपरंपरागत ऊर्जा स्त्रोतों के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ सरकार के ऊर्जा विभाग द्वारा एक नया आयाम स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में ऊर्जा विभाग अंतर्गत राज्य की स्टेट नोडल एजेंसी छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) को प्रदेश में स्थापित सौर ऊर्जा संयंत्रों के प्रभावी संचालन, संधारण एवं रख-रखाव प्रणाली हेतु स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट सर्टिफिकेट से आज सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इस उपलब्धि के लिए क्रेडा के अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी।

### क्रेडा द्वारा प्रदेश में 2.81 लाख से अधिक सौर ऊर्जा संयंत्रों का किया जा रहा है प्रभावी संचालन

क्रेडा को यह सम्मान सौर ऊर्जा संयंत्रों के दक्ष एवं मजबूत संचालन, संधारण प्रणाली के कारण दिया गया है। गौरतलब है कि क्रेडा द्वारा प्रदेश में लगभग दो लाख इक्यासी हजार से अधिक सौर ऊर्जा संयंत्रों का प्रभावी संधारण एव रख-रखाव कर वर्ष में औसतन 94 से 95 प्रतिशत तक संयंत्रों की कार्यशीलता सुनिश्चित की जा रही है। क्रेडा की तरफ से स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट सर्टिफिकेट क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजेश सिंह राणा द्वारा ऑनलाईन प्राप्त किया गया। इस अवसर पर क्रेडा के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## बिलासा हैण्डलूम एम्पोरियम में हैण्डलूम वस्त्रों के तिरगें झंडे विक्रय हेतु उपलब्ध

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्या. रायपुर द्वारा लाल गंगा शॉपिंग मॉल के सामने जी.ई. रोड एवं छत्तीसगढ़ हाट परिसर पण्डरी में बिलासा हैण्डलूम एम्पोरियम का संचालन किया जा रहा है। एम्पोरियम में कुशल बुनकरों द्वारा हाथकरघा में बुनाई किये हुए जैसे-साड़ी, बेडशिट, सर्टिंग, रूमाल, गमछा, टावेल, पर्दा क्लाथ, शाल, नेपकीन एवं अन्य वस्त्रों का विक्रय किया जाता है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बिलासा हैण्डलूम एम्पोरियम द्वारा हाथकरघा वस्त्रों पर साईज 10-15 के तिरंगा तैयार कराया गया है। एम्पोरियम में लगभग 40000 नग तिरंगा प्रति नग 40 रूपये के मान से विक्रय हेतु उपलब्ध है।

## वार्षिक ख़ान सुरक्षा पखवाड़ा सह पुरस्कार वितरण समारोह 2023-एसईसीएल दीपका क्षेत्र में जारी




**बिलासपुर (विश्व परिवार)।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के वार्षिक ख़ान सुरक्षा पखवाड़ा सह पुरस्कार वितरण समारोह 2023 का समापन समारोह आज एसईसीएल दीपका क्षेत्र में किया जा रहा है।

एक महापर्व के रूप में मनाये जाने वाले वार्षिक ख़ान सुरक्षा पखवाड़े में खदानों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फ़ैलाने के लिए विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन जाता है और इनमें विजेता ऑफिसर्स और माइनर्स को सम्मानित भी किया जाता है।

वर्ष 2023 में जबलपुर, बिलासपुर एवं रायगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत कोयला खदानों के लिए 20 नवंबर से 03 दिसंबर तक वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें 61 एसईसीएल और 11 गैर एसईसीएल के साथ 72 कोयला खदानों ने हिस्सा लिया। पखवाड़े का उद्घाटन 20 नवंबर को सभी खदानों में ध्वजारोहण और सुरक्षा शपथ के साथ किया गया। साथ ही अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने 20 नवंबर को सुरक्षा निर्देशों से सुसज्जित दो सुरक्षा रथो को हरी झंडी दिखाई। ये सुरक्षा रथ पखवाड़े के दौरान एसईसीएल के सभी क्षेत्रो में भेजे गए और खानों के ठेकेदारी कर्मचारियों को उनके कैंप में तथा विभागीय कर्मचारियों को पार्किंग एवं विश्राम स्थल पर सुरक्षित रहने की कार्यप्रणाली सम्बंधित चलचित्र दिखाए।

इस पखवाड़े के दौरान 44 भूमिगत और 28 खुली खदानों का निरीक्षण, मुख्यालय द्वारा चयनित 25 टीमों ने किया। निरीक्षण के दौरान खान सुरक्षा उपनिदेशकों ने भी खानों का निरीक्षण करने में अपनी महती भूमिका निभाई। निरीक्षण के बाद सभी टीमों द्वारा सुरक्षा मानक के आधार पर दिए गए अंकों को समीक्षा पोर्टल पर अपलोड किया गया। सुरक्षा पखवाड़ा में शामिल सभी खदानों में अपनों की रक्षा का भाव और उत्साह हमेशा प्रबल रहे इसके लिए एसईसीएल प्रबंधन द्वारा आयोजित 2023 के पुरस्कार वितरण सह समापन कार्यक्रम में 16 जनवरी को आयोजित हो रहा है।

**मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि :** खान सुरक्षा महानिदेशालय के डीजीएमएस माननीय श्री प्रभात कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे वहीं एसईसीएल सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा और डीजीएमएस उप-महानिदेशक श्री एस डी चिद्दरवार साहब की गरिमामय उपस्थिति रही। मंच पर एसईसीएल निदेशक मंडल सहित कंपनी संचालन समिति , सेफ्टी बोर्ड व वेलफेयर बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे वहीं सभा में एरिया महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष श्रम संघ, यूनियन, एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**स्टॉल का प्रदर्शन :** एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों , प्राइवेट माइनिंग कंपनियों , मशीन निर्माताओं आदि के द्वारा स्टॉल का प्रदर्शन किया गया जिसमें खनन गतिविधियों, सुरक्षा उपकरणों, आधुनिक तकनीक से खनन आदि का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ अतिथियों द्वारा माननीय कोयला मंत्री के संदेश के साथ 'सुरक्षा स्मारिका' का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई तदंतर महाप्रबंधक दीपका क्षेत्र श्री अमित सक्सेना ने मंचस्थ अतिथियों का पुष्प-गुच्छ शॉल पुस्तक से स्वागत किया।

**मिशन मितवा व मिशन सुदेश :** एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने कंपनी में सुरक्षा की कार्यसंस्कृति को पोषित करने के लिए मिशन मितवा तथा मिशन सुदेश की घोषणा की है जिनमें सुरक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष एसईसीएल में दुर्घटनाओं की संख्या में कमी देखी गई है।

## डायल 112 से लोगों को तत्काल मदद मिले : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

**कंट्रोल रूम पहुंचकर उपमुख्यमंत्री ने देखी डायल 112 की कार्यप्रणाली**



**रायपुर (विश्व परिवार)।** पुलिस, फायर और चिकित्सा संबंधी आकस्मिक जरूरत पड़ने पर लोगों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराने के लिए संचालित की जा रही डायल 112 सुविधा के कंट्रोल रूम पहुंचकर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कार्यप्रणाली देखी। उन्होंने अधिकारियों को इस व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद और आकस्मिक विपत्ती पड़े लोगों को तत्काल सहायता मिले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस मौके पर विधायक गुरू खुशवन्त साहेब भी उनके साथ थे।

उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के संचालन कक्ष के भ्रमण के दौरान पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा ने बताया कि पुलिस, फायर और चिकित्सा संबंधी आकस्मिक जरूरतों के मद्देनज़र जरूरतमंद नागरिकों द्वारा कॉल करके और विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम् से डायल 112 से संपर्क किया जाता है। उन्होंने बताया कि कॉलर द्वारा संपर्क करने पर यह कॉल सी-4 स्थित कॉल टेकर सेक्शन में प्राप्त होती है, संचालन कक्ष में उपस्थित कॉल टेकर के द्वारा कॉलर आवश्यक पूछताछ कर एक इवेंट बनाया जाता है। जिसे तकनीकी भाषा में कॉल फॉर सर्विस कहा जाता है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, योजना प्रबंध और तकनीकी सेवा श्री प्रदीप गुप्ता ने बताया कि कॉल टेकर द्वारा बनाए गए सीएफएस को कंप्लीट करते ही यह इवेंट कम्प्यूटर ऐडेड डिस्पेच प्रणाली के माध्यम् से रियल टाईम में संबंधित जिला के डिस्पेचर स्टॉफ के सिस्टम में दिखाई देती है, जो उस घटनास्थल के नजदीक उपलब्ध इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल को सिस्टम में खोज कर आवश्यकतानुसार एक या एक से अधिक ईआरव्ही को उस इवेंट को अटैंड करने असाइन करता है। इवेंट पर असाइन होते ही संबंधित ईआरव्ही में मौजूद पुलिस ईआरव्ही में लगे मोबाईल डेटा टर्मिनल डिवाइस की मदद से तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो जाता है।

श्री गुप्ता ने बताया कि पूरी प्रक्रिया का सी-4 में मौजूद पुलिस पर्यवेक्षण अधिकारी और संबंधित जिला के डिस्ट्रिक्ट पुलिस कंट्रोल रूम स्टॉफ द्वारा निगरानी की जाती है। इवेंट समाप्त होने पर ईआरव्ही स्टॉफ द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में एक ब्रीफ नोट लिखा जाता है, जिसे एक्शन टेकन रिपोर्ट कहा जाता है। पुलिस अधिकारियों द्वारा समय-समय पर कॉलरों से संपर्क कर फीडबैक लिया जाता है, ताकि सर्विस की गुणवत्ता में आवश्यक सुधार किए जा सकें।

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने विभिन्न कक्षों के अवलोकन पश्चात् डायल 112 परियोजना के शेष जिलों में भी प्रस्तावित क्रियान्वयन के संबंध में बैठक ली। बैठक के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री प्रदीप गुप्ता द्वारा पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से परियोजना के संपूर्ण प्रदेश में प्रस्तावित क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव गृह एवं जेल श्री मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक श्री अशोक जुनेजा, पुलिस महानिरिक्षक रायपुर श्री रतन लाल डांगी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर श्री प्रशांत अग्रवाल, उप पुलिस महानिरीक्षक (योजना एवं प्रबंध) श्री मनीष शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक सिंह थे।

# अवैध कॉलोनी एवं प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर लगाएं तत्काल रोक, जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पेयजल पर हो बेहतर कार्य मेरी पहली प्राथमिकता : टंक राम वर्मा

### राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री ने जिले के विभिन्न विभागों की कामकाज की समीक्षा



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार भाटापारा में जिले के विभिन्न विभागों की कामकाज की पहली विस्तृत समीक्षा की हैं। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, विजय केसरवानी, कलेक्टर चंदन कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, डीएफओ मयंक अग्रवाल उपस्थित रहे।

श्री वर्मा ने बैठक सभी सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर सभी को मकर सक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं। लगभग साढ़े 3 घंटे चली इस बैठक में उन्होने जिले में चल रहे अवैध कॉलोनी निर्माण एवं उसके प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश कलेक्टर को दिए है। श्री वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व के लंबित सभी प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। समय सीमा में निराकृत नही करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई संस्थित की जाएगी। उन्होंने कहा की आज व्यक्ति सबसे ज्यादा परेशान राजस्व विभाग से ही है। आमजनों के छोटे छोटे समस्याओं का हल नही होता है। उन्होंने यह छवि सुधारने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है। इसके लिए उन्होंने कलेक्टर को राजस्व निरीक्षक स्तर में शिविर लगाने कहा है। श्री वर्मा ने कहा जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं पेयजल पर हो बेहतर कार्य मेरी पहली प्राथमिकता है। श्री वर्मा ने जिले के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं से नाखुश हुए उन्होंने जिला हॉस्पिटल को रिफर सेंटर भी कह दिया। सबसे ज्यादा शिकायत जिला हॉस्पिटल की मिलती है। डॉक्टर किसी भी मरीज को स्थानीय प्राइवेट हॉस्पिटल में रिफर कर देते है और बहुत से जिला हॉस्पिटल के डॉक्टर ही निजी हॉस्पिटल उसी मरीज का इलाज करते है। इस तरह अब नही चलनी चाहिए आगे व्यवस्था दुरुस्त हो इसके लिए सीएचएमओ एवं सिविल सर्जन को सख्त निर्देश दिए हैं। श्री वर्मा ने आगे कहा की जिले में जल जीवन मिशन की स्थिती अच्छी नही है इस पर अधिक कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सुहेला हथबंध क्षेत्र के दूरस्थ गांव तिल्दाबांधा जैसे गावों में पेयजल की व्यवस्था कैसे सुदृढ़ हो इस पर कार्य करने कहा है। उन्होने दो टूक कहा की जिले में किसी भी अपराधी को राजनैतिक संरक्षण नही मिलेगी। गांव गांव जो अवैध शराब बिक्री एवं जुआ सट्टा का केंद्र बन रहा है उस पर पुलिस प्रशासन तत्काल रोक लगाएं। अवैध शराब बिक्री, सट्टा एवं नशाखोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश एसपी को दिए है। जिले में शांत वातावरण का हो निर्माण होना चाहिए सरकार में जो परिवर्तन हुआ है वह नीचे भी दिखाई एवं महसूस होनी चाहिए। उन्होने पुलिस से कहा की हमारा जिला औद्योगिक जिला सभी तरफ सीमेंट कारखाने एवं खदान स्थित है तो स्वाभाविक है की बड़ी गाड़ियां चलती है। लोगो को सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए हेलमेट पहनने के लिए आप लोगो को प्रेरित कराएं इस पर जोर जबरदस्ती नही बल्कि सकारात्मक पहल होनी चाहिए। श्री वर्मा ने ग्राम पंचायत पनगांव में आयोजित सरपंच सचिव की प्रशिक्षण शिविर की जानकारी जनप्रतिनिधियों को नही देने पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए भविष्य में इस तरह की गलती नही दुहराने की बात कही।

# वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी का आज चेम्बर भवन में होगा आगमन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर द्वारा बुधवार, दिनांक 17 जनवरी 2024 को चै. देवीलाल व्यापार उद्योग भवन, बाम्बे मार्केट, रायपुर में दोपहर 12.15 बजे छत्तीसगढ़ प्रदेश के आगामी बजट पर चर्चा एवं सुझाव हेतु बैठक आयोजित की गई है। उक्त बैठक में वित्त, वाण्ज्यिक कर मंत्री ओ.पी. चैधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे एवं समस्त व्यापारिक औद्योगिक संगठनों एवं इकाईयों के पदाधिकारियों से रूबरू होकर आगामी प्रदेश बजट पर चर्चा करेंगे एवं सुझाव लेंगे। साथ ही बजट से संबंधित अपने बहुमूल्य सुझाव चेम्बर में देंगे। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने प्रदेश के समस्त चेम्बर पदाधिकारी, व्यापारिक औद्योगिक संगठनों, चेम्बर इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों अपील की है कि वे बैठक में समय पर अवश्य उपस्थित होवें।

# राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस @ कलिंगा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अधिकारियों की उपस्थिति में आज कलिंगा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम कलिंगा इनक्यूबेशन फाउंडेशन (केआईएफ) और इंस्टीट्यूट्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा फार्मेसी संकाय के सहयोग से विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना एवं पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन से हुई। गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत पौधों से किया गया। कैरियर और कॉर्पोरेट रिसोर्स सेन्टर (सीसीआरसी) के निदेशक श्री पंकज तिवारी ने नवाचार और स्टार्टअप पर स्वागत भाषण दिया। कलिंगा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस समारोह के बारे में प्रकाश डाला और कहा कि कलिंगा विश्वविद्यालय स्टार्ट-अप के लिए एक मेजबान संस्थान है और बिजनेस आइडिया के लिए 15 लाख रुपये तक की अनुदान राशि प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन महत्वाकांक्षी व्यवसायों के लिए दिलचस्प संभावनाएं प्रदान करते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएसएमई रायपुर के संयुक्त निदेशक श्री राजीव एस थे। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के बारे में जानकारी साझा की। एमएसएमई के श्री उमेश प्रसाद ने विनिर्माण इकाइयों पर बहुमूल्य जानकारी दी।

सम्मानित अतिथि छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) भिलाई के प्रोफेसर और आईईईई के वरिष्ठ सदस्य डॉ. आरएन पटेल थे। अपने संबोधन के दौरान, उन्होंने उल्लेख किया कि छात्रों को लागत प्रभावी जल फिल्टर, बाजरा-आधारित व्यंजन, किसानों के लिए मिट्टी परीक्षण किट, ग्रामीण लोगों के लिए पालक-आधारित स्वास्थ्य पेय या ऐसे किसी भी विचार के बारे में नवीन विचारों के साथ आना चाहिए। वे अपने स्टार्ट-अप को समर्थन/वित्तपोषित करेंगे।

मुख्य वक्ता सीएसवीटीयू फाउंडेशन फॉर रूरल टेक्नोलॉजी एंड एंटरप्रेन्योरशिप के युवा सीईओ श्री अग्रांशु द्विवेदी ने अपनी प्रेरक कहानियों से छात्रों को प्रेरित किया।

बैठक में उपस्थित सफल उद्यमियों श्री शैलेन्द्र आनंद, सुश्री कविता सोनी एवं सुश्री आयुषी चौधरी द्वारा सफलता की कहानियाँ साझा की गईं। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन कलिंगा विश्वविद्यालय की सॉफ्टस्किल प्रशिक्षक सुश्री पिंकी दोशी ने किया। कलिंगा विश्वविद्यालय की सुश्री अर्शप्रीत समारोह की सूत्रधार थीं।

# राज्यपाल हरिचंदन ने श्रीराम मंदिर और श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने आज रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर एवं गायत्री नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने राज्य एवं देश के समस्त नागरिकों से आग्रह किया कि सभी अपने आस-पास के मंदिरों को स्वच्छ रखें।

राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अपने आस-पास को स्वच्छ रखकर हम धरती माता की सेवा करते है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान से हमें मानव सेवा की प्रेरणा मिलती है। इसके पूर्व श्री हरिचंदन ने दोनो मंदिरों में भगवान श्री राम और श्री जगन्नाथ का दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की और प्रदेश सहित समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर के विधायक श्री पुरंदर मिश्रा, मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

**OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (STORE & PURCHASE)**

3rd Floor, SLDC Building,CSPTCL Daganiya, Raipur(C.G.) Phone-0771-2574240/4239/4106

No.02-16/CE/ TR-23/ S&P/26/2142 Raipur, Date:- 15.01.2024

**E- TENDER NOTICE**

Sealed tenders are invited for deployment of following manpower for Executive Engineer (Area Store), CSPTCL, Bilaspur for a period of one year.

| S N | Tender No. | Particulars | Qty | E.M.D | Last date of submission of Tender | Due date of opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | TR-23/ S&P/26 RFx. No. 8100035649 | Computer Operator | 04 Nos. | Rs. 35000/- | 05/02/2024 (15.00 Hrs.) | 05/02/2024 (15.30 Hrs) |
| | | Security Guard | 07 Nos. | | | |
| | | Line Attendant Gr-III (Unskilled) | 06 Nos. | | | |

Note:- For all other details of NIT, please visit our website 'www.cspc.co.in,

SAVE ELECTRICITY

(Er. R.C.Agrawal)
Chief Engineer (S&P) CSPTCL : Raipur

SAMVAD- 39367/ 3

# पुण्यतिथि पर याद किए गए बांगला भाषा के महान कथाकार आवारा मसीहा शरत चंद्र चटर्जी

**द.पू.म. रेलवे, मुख्यालय में आज उनके कथानकों पर की आयोजित की गई वर्चुअल व्याख्यानमाला**

### शरत बाबू को उनके साहित्यिक योगदान के कारण ही भारतीय सिनेमा जगत में उनके उपन्यास देवदास पर 12 बार फिल्म बनाई गई




**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** जीवन की पथरीली राहें और मुश्किल भरे हालात किसी को भीतर तक तोड़ देते हैं, तो किसी की जिंदगी ही संवर जाती है। बेतरतीब सी जिंदगी के साथ कभी चलकर तो कभी दौड़कर सफर तय करने वाले देश ही दुनिया के महान साहित्यकारों में शुमार शरत चंद्र चटर्जी ने कहानी, उपन्यासों के रूप में पाठकों का दामन अनमोल नगीनों से भर दिया है। आज उनके 86वीं पुण्यतिथि पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में उनके साहित्यिक अवदान पर ऑनलाइन संगोष्ठी आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री साकेत रंजन, उप महानिरीक्षक श्री भवानीशंकर नाथ, पूर्व उपमुख्य सुरक्षा आयुक्त श्री कुमार निशांत, उत्तरी सीमांत रेलवे के वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी श्री विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्यक्रम से जुड़े रहे।

मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी साकेत रंजन ने शरत बाबू को याद करते हुये कहा कि वे शायद भारत के एकमात्र ऐसे लेखक थे, जिन्होंने पाठकों की आंखें न केवल नम कीं, बल्कि कई को तो फूट-फूटकर रुलाया। चाहे वह उनका चर्चित उपन्यास चरित्रहीन हो या फिर देवदास, एक तरफ शरतचंद्र का उपन्यास चरित्रहीन था तो दूसरी ओर देवदास, दोनों ही युवाओं के फेवरेट रहे और रहेंगे। कहने को दोनों का फलक अलग था, लेकिन कहा जाता है कि देवदास जहां युवाओं को इस कदर भाया कि वह इसे पढ़कर देवदास चरित्र में इतना डूबे कि कई ने तो देवदास बनने की कल्पना तक कर डाली।

उप महानिरीक्षक भवानी शंकर नाथ ने कहा कि कहानी और उपन्यास कल्पनाओं की उपज होते हैं, ऐसा कहने वाले शरत चंद्र के पात्रों के बारे में जानकर ठहर जाते हैं। शरत चंद्र चटर्जी उपन्यास सम्राट प्रेमचंद्र की तरह पात्रों को ढूंढ़कर लाए, उन गलियों में घुसे जहां समाज के सभ्य लोग जाने से भी कतराते थे। उसके लिए दोनों ही लेखक समाज में गए-समाज के अंग बने और फिर ढूंढ़ निकाला। शरत बाबू ने श्रीकांत तो प्रेमचंद ने होरी... और दोनों ने अपने-अपने चरित्रों के जरिये कालजयी रचनाओं को जन्म दिया।

पूर्व उपमुख्य सुरक्षा आयुक्त कुमार निशांत ने श्रद्धांजलि के सुमन अर्पित करते हुए कहा कि नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्र नाथ टैगोर को शरत चंद्र बहुत पसंद करते थे, बावजूद इसके कि इसके दोनों के बीच कई मुद्दों पर घोर मतभेद था। दोनों आपस में पत्र व्यहार भी करते थे। यह भी माना जाता है कि शरत पर न केवल रवींद्रनाथ का प्रभाव बल्कि उनपर बंकिमचंद्र चटर्जी का प्रभाव भी कम नहीं था। यह बात शरत खुद भी मानते थे।

उत्तरी सीमांत रेलवे के वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी विक्रम सिंह ने शरत चंद्र चटर्जी की यूं तो सभी कृतियां पठनीय है, लेकिन देवदास की बात ही अलग है। इसकी लोकप्रियता का अंदाजा से इस बात से लगाया जा सकता है कि शरतचंद्र की कृति 'देवदास' पर तो 12 से अधिक भाषाओं में फिल्में बन चुकी हैं। यह भी एक उपलब्धि ही रही है कि सभी फिल्मों अपार सफलता भी मिली।

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 595 दिनांक 16.01.2024**
**वार्ड का नाम- खुबचंद बघेल**
**वार्ड क्र. 33 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **33** मांग **पंजी क्र. 254 युआईडी 28331** अनुसार अधिभोगी का नाम **श्री/श्रीमती परमानन्द पटेल, प्रेमलाल पटेल/ अवधराम पटेल** से दर्ज है, **श्री/श्रीमती परमानन्द पटेल/अवधराम पटेल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा/वंशानुक्रम/बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **15-02-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की काई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 596 दिनांक 16.01.2024**
**वार्ड का नाम- जवाहर लाल नेहरू**
**वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **36** मांग **पंजी क्र. 554 युआईडी 33459** अनुसार अधिभोगी का नाम **श्री/श्रीमती प्रीति माहेश्वरी/ ललित माहेश्वरी** से दर्ज है, **श्री/श्रीमती प्रीति सिंह/सुदर्शन सिंह** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा/वंशानुक्रम/बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **15-02-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की काई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, मौलश्री विहार, रायपुर (छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574**
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजना अंतर्गत बोरियाकल रायपुर में निर्मित फ्लैट क्र. एल.आई.जी.-676 ब्लॉक-43 भू-तल, आबंटी श्रीमती प्रिती वाकडे पति स्व. श्री बी.आर. वाकडे, निवासी- प्लाट नं.-04 हर्षित विहार फेस-03, मोहबा बाजार, रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.), के नाम पर आवासीय भू-खण्ड/भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भू-खण्ड/भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को उक्त भू-खण्ड/भवन का फ्री-होल्ड किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाश के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा नियत समयावधि पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र-03, मौल श्री विहार, रायपुर छ.ग.**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

***आम-सूचना***

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत शंकर नगर, रायपुर में स्थित भवन क्र.- एल.आई.जी.-70, सेक्टर-02, श्री जगदीश कुमार हरिरामानी आत्मज श्री कन्हैया लाल हरिरामानी को इस कार्यालय के नामांतरण आदेश क्र.-480 दिनांक 31.03.2000 के माध्यम से नामांतरित किया गया है। उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर दिनांक 18.01.1993 को सेलडीह पंजीकृत करा लिया गया है। वर्तमान में नामांतरी श्री जगदीश कुमार हरिरामानी आत्मज श्री कन्हैया लाल हरिरामानी, निवासी- एल.आई.जी.-70, सेक्टर-02, शंकर नगर, रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र, विक्रय इकरारनामा तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त भवन को क्रेता श्री रघुराज ताम्रकार पिता श्री प्रदीप ताम्रकार, निवासी- पुराना बस स्टैंड, सिमगा, तहसील- सिमगा, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन के किव्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./8548/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 16-01-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 8548**
**वार्ड का नाम- 28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR235E00087** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती AMIT WADHWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMESH WADHWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती 1. श्री कमलेश गंगवानी पिता- रेवाचंद गंगवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **2. श्रीमती रिया गंगवानी पति- श्री कमलेश गंगवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के. डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 2**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./8546/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 16-01-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 8546**
**वार्ड का नाम- 14- रमण मंदिर वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 14 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR221B0226E** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती FIROJ ALI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAMJAN ALI** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री सागर लालवानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता श्री संतोष लालवानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
**श्री आर.के.डोंगरे**
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रं. - 2**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./8555/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 16-01-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 8555**
**वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **45** स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E01418** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHAKUNTALA PRASAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MITHLESH PRASAD** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **तेजराम बैस** पिता/पति, श्री/श्रीमती **मनोहर लाल बैस** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./8547/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 16-01-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 8547**
**वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **45** स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739B00295** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KANTA JAGWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **ASHOK KUMAR JAGWANI** के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **अब्दुल कादर मामदानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. हाजी मोहम्मद युसूफ** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./8553/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 16-01-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 8553**
**वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **45** स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR757B00349** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SHRIKANT BERA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RATAN CHAND BERA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **हेनाबती मण्डल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **आशीष मण्डल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./8544/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 16-01-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 8544**
**वार्ड का नाम-45-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड **45** स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR739E00268** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAHEZABEEN BEE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE. TAJ MOHAMMED** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **1. महजबीन बी 2. हस्सान मोहम्मद** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दोनों पति/पिता स्व. ताज मोहम्मद** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, सहमति पत्र, परिचय पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 593 दिनांक 16.01.2024**
**वार्ड का नाम- रविशंकर शुक्ल**
**वार्ड क्र. 13 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **13** मांग **पंजी क्र. 1162 युआईडी 17738** अनुसार अधिभोगी का नाम **श्री/श्रीमती मंगतराम शर्मा/साधुराम शर्मा** से दर्ज है, **श्री/श्रीमती करण शर्मा/गुलशन शर्मा** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा/वंशानुक्रम/बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **15-02-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की काई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 594 दिनांक 16.01.2024**
**वार्ड का नाम- खुबचंद बघेल**
**वार्ड क्र. 33 वर्ष- 2023-24**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **33** मांग **पंजी क्र. 254 युआईडी 28331** अनुसार अधिभोगी का नाम **श्री/श्रीमती परमानन्द पटेल, प्रेमलाल पटेल/ अवधराम पटेल** से दर्ज है, **श्री/श्रीमती प्रेमलाल पटेल/ अवधराम पटेल** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/लिखत द्वारा/वंशानुक्रम/बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **15-02-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की काई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर, बुधवार 17 जनवरी 2024



# ग्राम पंचायतों में पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा

## पात्रतानुसार लाभ उठाते हुए विकास की मुख्य धारा से जुड़ें

### शिविर लगाकर दी जा रही योजनाओं की जानकारी



**महासमुंद(विश्व परिवार)।** महासमुंद जिले में 16 दिसम्बर से निरंतर प्रतिदिन विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की जा रही है। सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा बसना विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भठोरी, पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ढोढरकसा, सरायपाली विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पतेरापाली तथा घूचापाली में पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा के इन ग्राम पंचायतों में पहुंचने पर आयोजित किए गए शिविरों के प्रारंभ में जनप्रतिनिधियों द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथों) का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इसके उपरांत शिविरों में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। शिविरों में आईईसी वैन द्वारा एलईडी के माध्यम से शासन की विभिन्न संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई। जिले में अब तक 352 ग्राम पंचायतों में यह विकसित यात्रा पहुंच चुकी है तथा हितग्राहियों को पात्रतानुसार योजनाओं के हितलाभ भी दिए गए हैं। दूर-दराज के नागरिकों को जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें योजनाओं का लाभ नही मिल पाता। इस यात्रा में प्रचार माध्यमों से शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दूर-दराज के पात्र और जरूरतमंद नागरिकों तक पहुंच रही है। योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के प्रयास किये जा रहें है। नागरिक इन्हें समझें और पात्रतानुसार लाभ उठाते हुए विकास की मुख्य धारा से जुड़ें। सभी आगे बढ़ेंगे, तभी आर्थिक विकास होगा। इससे देश भी आगे बढ़ेगा और विकसित भारत का सपना साकार होगा। इसके अतिरिक्त शिविरों में पूर्व में शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी-मेरी जुबानी अंतर्गत योजना का लाभ पाने के बाद जीवन में आए बदलावों और आर्थिक उन्नति के बारे में अवगत कराया गया। शिविरों में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत ग्राम पंचायतों में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें स्वास्थ्य विभाग और आयुष विभाग द्वारा ग्रामीणों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए आवश्यक परामर्श और उपचार भी किया जा रहा है। साथ ही आयुष्मान भारत सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु आवेदन भी प्राप्त किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में आई.ई.सी. वैन द्वारा भारत सरकार की योजनाओं की प्रगति की लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया और विकसित भारत संकल्प यात्रा से संबंधित कैलेंडर, ब्रोशर, पाम्पलेट आदि वितरित किए गए। शिविर स्थल पर सरपंच, पंच, जनप्रतिनिधिगण, हितग्राहीगण, ग्रामीण जन एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने लिया धान खरीदी के संबंध में बैठक

### एक ही पंजीकृत रकबे का धान बीज निगम और समिति केंद्रों में एकसाथ नही बेच सकते किसान

**सारंगढ़ बिलाईगढ(विश्व परिवार)।** कलेक्टर के एल चौहान ने जनपद पंचायत सारंगढ़ के सभाकक्ष में जिले के धान खरीदी के संबंध में बैठक लिया। बैठक में एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, उप संचालक कृषि आशुतोष वास्तव, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू, तहसीलदार कमलेश सिदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र के अधिकारियो से लक्ष्य के अनुरूप अब तक किए गए धान खरीदी भंडारण, उठाव, परिवहन, आवश्यक बरदाना आदि के व्यवस्था के संबंध में जानकारी लिया। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी किसान यदि एक ही रकबे का पंजीयन छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम में किया है तो उसी रकबे का धान, समिति में नही बेच सकता। बैठक में धान खरीदी केंद्र में धान आवक, खाद्य विभाग से जारी आदेश (डीओ) के विरुद्ध राइस मिलर द्वारा धान खरीदी केंद्र से धान का उठाव, शेष धान की मात्रा, बफर क्षमता से अधिक धान वाले उपार्जनों केंद्र की संख्या, कुल पंजीकृत राइस मिलर, राइस मिल की मासिक मिलिंग क्षमता, उपार्जित धान, अवैध धान आवक पर निगरानी, सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन संबंधी प्रकरण, कुल प्रकरण, जप्त धान की मात्रा, कोचिया, बिचौलियों से कुल जप्त धान और वाहन, खरीदी केंद्रों का भौतिक सत्यापन , धान रकबा समर्पण अंतर्गत कुल पंजीकृत किसानों की संख्या, समर्पित रकबा, विगत खरीफ वर्ष 2022-23 की स्थिति में कुल पंजीकृत रकबा और समर्पित करने वाले किसानों की संख्या और समर्पित रकबा, बारदाना की उपलब्धता, आवश्यकता, नया, पुराना की स्थिति, कस्टम मिलिंग में चावल उपार्जन, खाद्य नागरिक आपूर्ति और भारतीय खाद्य निगम में उपार्जन लक्ष्य और जमा चावल की मात्रा आदि के संबंध में गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश कलेक्टर चौहान ने सभी अधिकारियों, समिति के प्रबंधक आदि को दिए। उल्लेखनीय है कि जिले के पंजीकृत 86 हजार 173 किसानों में से 68 हजार 689 किसानों ने 65 समितियों के 86 धान उपार्जन केन्द्रों में अब तक 66 हजार 161 टन धान बिक्री किया है। धान बेचने वाले किसानों का प्रतिशत 79.71 प्रतिशत है। इस अवसर पर खाद्य निरीक्षक, मंडी अधिकारी और बड़ी संख्या में कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने शत प्रतिशत आयुष्मान हेल्थ कार्ड अचीवमेंट के लिए ली वीडियो कॉन्फ्रेसिंग

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** 16 जनवरी से 15 फरवरी तक जिले में आयुष्मान हेल्थ कार्ड के लिये विशेष अभियान तय किया गया है। जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आज स्वास्थ्य व अन्य संबंधित विभागों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रखी थी। जिसमें उन्होंने छूटे हुये पात्र सभी हितग्राहियों आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिसके लिए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को माइक्रो एक्शन प्लान बनाकर कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 01 माह तक हेल्थ कार्ड बनने का यह कार्य युद्धस्तर पर योजनाबद्ध तरीके से चलना चाहिए। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कनेक्ट सभी जनपद सीईओ से क्रमवार चर्चा की। चिन्हित शिविर स्थल पर छुटे हुए पात्र हितग्राही ज्यादा से ज्यादा पहुचें इसके लिये उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बेहतर प्रचार प्रसार करने एवं मुनादी कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ओड़गी जैसे अंचल जिनमें नेटवर्क इशू है, वहाँ नेटवर्क वाले एरिया में शिविर स्थल चयन करने के लिए कहा। इसके साथ ही बड़े पंचायतों में मल्टीपल स्पॉट मे शिविर का आयोजन किया जाएगा ताकि ज्यादा से ज्यादा एरिया और लोगों को कवर किया जा सके। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को आंगनबाड़ी सहायिका की मदद से गर्भवती महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को टार्गेट करने के लिए निर्देशित किया।

# कलेक्टर ने खाद्य, जिला विपणन व नागरिक आपूर्ति निगम विभाग की ली मासिक समीक्षा बैठक

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** आज खाद्य, जिला विपणन व नागरिक आपूर्ति निगम की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्टर श्री रोहित व्यास की अध्यक्षता में रखी गई थी। जिसमें कलेक्टर ने सभी उपस्थित अधिकारियों को शासन की मंशा अनुरूप कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में उन्होंने धान खरीदी की वस्तु स्थिति पर जानकारी ली, इसके साथ ही उपार्जन केंद्र में अवैध धान की खपत ना हो इसके लिये सतत निगरानी रखने के लिये संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। इसके साथ ही उपार्जन केंद्र में धान बेचने आये किसानों को केन्द्र में पानी और बैठने की व्यवस्था हो इसके लिये भी निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले के उचित मूल्य दुकान की वस्तु स्थिति पर भी चर्चा की। कुछ पीडीएस दुकानों में मूलभूत सूचनाओं की सूचना प्रदर्शन बोर्ड नहीं है वहां सूचना प्रदर्शन बोर्ड व स्टॉक मूल्य सूची लगवाने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही बकाया राशि वाले पीडीएस दुकान संचालक को जनवरी माह में 22 तक और प्रत्येक माह में 5 तारीख तक पैसा जमा करवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया अन्यथा दुकान निरस्ती की कार्यवाही की जायेगी । पीडीएस की दुकानों में ई-केवाईसी के लिये भी निर्देशित किया गया।जिसके लिये उन्होंने अधिकारियों को पीडीएस दुकान संचालक की बैठक लेकर,शीघ्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने प्रत्येक माह के 10 तारीख तक नियमित और अधिकतम खाद्यान्न वितरण कराने के लिए संबंधित को निर्देशित किया। इसके साथ ही बैठक में उज्जवला योजना व अन्य महत्वपूर्ण बिंदु पर भी चर्चा की गई।

# कार्यक्रम में जनसामान्य को केन्द्र सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में सरकार की प्रमुख योजनाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने के प्रयासों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि इन योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से सभी लक्षित लाभार्थियों तक पहुंच सके। कार्यक्रम के प्रारंभ में मोबाइल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया एवं चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। वैन के माध्यम से कृषि गतिविधि, ड्रोन डेमोंस्ट्रेशन व स्वाईल हेल्थ कार्ड डेमोंस्ट्रेशन का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण कर किया गया। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी पहल के तहत अपने विचार व्यक्त किए। धरती कहे पुकार के अंतर्गत जय मां दुर्गा स्व सहायता समूह की महिलाओं ने जैविक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नाट्य प्रस्तुति दी तथा रासायनिक खेती के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल में केंद्र सरकार की योजनाओं और सुपोषण के संबंध में जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पौष्टिक एवं पोषण आहार के लिए विभिन्न हरी सब्जी, स्थानीय व्यंजनों से रंगोली बनाकर महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित पौष्टिक आहार लेने की सलाह दी गई। विभागीय योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा पशुपालकों का केसीसी किया गया। कृषि विभाग के स्टाल से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि सहित अन्य किसान हितैषी योजनाओं से जोड़ा गया और जानकारी प्रदान की गई।

# जिले में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के तहत आयोजित किया गया विशेष शिविर

### सभी मतदान केंद्रों सहित स्कूल कॉलेजों में भी लगाया गया शिविर



**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अर्हता तिथि 1 जनवरी 2024 के अंतर्गत 13 तथा 14 जनवरी 2024 को जिले के चारों विधानसभा के सभी मतदान केन्द्रों में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जहां बीएलओ द्वारा नए मतदाताओं का नाम सूची में जोड़ने एवं संसोधित करने की कार्यवाही की गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सीमा पात्रे ने जिले में आयोजित किए गए विशेष शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उक्त शिविर में सभी अविदित अधिकारी तथा बीएलओ द्वारा अपने मतदान केन्द्र के मतदाता सूची, फार्म 6, फार्म 7 एवं फार्म 8 के साथ उपस्थित थे। साथ ही मतदान केंद्रों में बीएलओ द्वारा वोटर हेल्पलाइन एप्प के माध्यम से भी नए मतदाताओं का फॉर्म 6 भरकर नाम जोड़ा गया एवं फार्म 7 व 8 के माध्यम से मतदाता सूची में नाम संसोधन किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान जिले के सभी विद्यालयों एवं कॉलेजो में भी विशेष शिविर का आयोजन किया गया। उक्त तिथियों को आयोजित शिविर के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु 3100 आवेदन प्राप्त हुए है साथ ही नाम संशोधन हेतु 1400 आवेदन प्राप्त हुए है। गौरतलब है कि फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 06 जनवरी 2024 को किया गया है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण किए हुए नए मतदाता फॉर्म-6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकेंगे।

# छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ का प्रतिनिधि मंडल मिला मंत्री देवांगन से

**कोरबा(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनोद सिन्हा के नेतृत्व में आज छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री वाणिज्य उद्योग व श्रम मंत्री से मिलकर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक कल्याण बोर्ड गठित करने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौपा। विधानसभा चुनाव के समक्ष भारतीय जनता पार्टी घोषणा पत्र के संयोजक विजय बघेल को कोरबा प्रवास के दौरान छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने मिलकर छत्तीसगढ़ अखबार वितरक कल्याण बोर्ड गठित करने हेतु चुनाव घोषणा पत्र में शामिल करने की मांग की थी उसी के संदर्भ में क्षेत्रीय विधायक व मंत्री छत्तीसगढ़ शासन लखनलाल देवांगन से मिलकर प्रतिनिधि मंडल ने मांग की। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ अखबार वितरकों के कल्याण के लिए जल्द से जल्द अखबार वितरक कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए ,मंत्री ने आश्वासन दिया कि आप लोगों की मांग को छत्तीसगढ़ शासन के समक्ष रखेंगे । मंत्री जी से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष विपेन्द्र कुमार साहू ,जय नेताम, लक्ष्मी राठौर, राय सिंह कंवर व दिलीप यादव शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

# छेरछेरा का दान बीमार आयुष बरेठ को करने पिता की अपील

**सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** संसार में कुछ भी स्थाई नहीं है और किस मनुष्य का जीवन कब गंभीर परिस्थिति से गुजारना पड़े, यह कह पाना संभव नही है। जिले के पत्रकार गोविंदराम बरेठ के बेटे आयुष बरेठ हृदय और फेफड़े से जुड़े गंभीर बीमारी से ग्रस्त है, जिसका इलाज अपोलो चिल्ड्रन हॉस्पिटल चेन्नई में चल रहा है। हार्ट में तीन ऑपरेशन और फेफड़ा में ऑपरेशन हुआ है। इसके साथ साथ अन्य और कई जांच चल रहा है, जिसका अभी तक का इलाज में खर्च 42 लाख हो गया है। इतनी बड़ी राशि एक साधारण परिवार के बजट से बाहर है, मकान, जमीन और गहने बेचने पर भी संभव नही है। पिता ने छत्तीसगढ़वासियों से अपील किया है कि किसानों का पर्व छेरछेरा का दान आयुष बरेठ को मोबाइल नंबर 8120934428 में (गोविंदराम बरेठ को) गूगल पे, फोन पे या अन्य यूपीआई से करें। उल्लेखनीय है कि मां दुर्गा, भगवान गणेश के पर्व और वर्तमान में राम जी के अयोध्या मंदिर के लिए जिस तरह से असंख्य दानदाताओं द्वारा दान दिया जाता है, उन सभी से उम्मीद है कि इस बालक के इलाज के लिए भी दान करेंगे।

# तेज रफ्तार बस राहगीरों को रौंदते हुए पेड़ से टकराई तीन की मौके पर मौत

**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बस तीन लोगों को रौंदते हुए पेड़ से जा टकराई. हादसे में 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई. जबकि बस में सवार 15 यात्री घायल हो गए हैं. घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर में भर्ती कराया गया है. जहां सभी का इलाज जारी है. वहीं घटना की सूचना पर पहुंची जनकपुर पुलिस जांच में जुट गई है. यह घटना जनकपुर के तिराहा पर हुई। जानकारी के अनुसार, एक यात्रियों से भरी बस अमरकंटक से वापस भरतपुर विकासखंड के माड़ीसरई जा रही थी. इस दौरान बस अनियंत्रित हो गई और जनकपुर तिराहे पर अंडा दुकान चलाने वाले व्यक्ति और वहां मौजूद दो लोगों को कुचलते हुए पेड़ से जा टकराई. हादसे में बस की चपेट में आए तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं बस में सवार लगभग 60 से 70 यात्रियों में से 15 यात्री घायल हो गए हैं. घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि माड़ीसरई से बस बुक कर तीर्थ यात्री अमरकंटक गए थे. वहाँ से वापस लौटते वक्त श्रद्धलुओं से भरी बेकाबू बस जनकपुर के तिराहा के पास लोगों को चपेट में लेते पेड़ से टकरा गई. हादसे में जान गवाने वाले तीनों मृतक जनकपुर के रहने वाले थे. मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# कलेक्टर ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का किया शुभारंभ

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत् आमजनों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, दो पहिया वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट पहनने की प्रेरणा, दुर्घटना से बचाव के उपाय से लोगों को अवगत कराने, यातायात नियमों की जानकारी सहित यातायात संबंधी विविध आयोजन सड़क सुरक्षा माह के दौरान सूरजपुर पुलिस के द्वारा की जायेगी। सूरजपुर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ आज कलेक्टर श्री रोहित व्यास व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शोभराज अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 15 जनवरी से 14 फरवरी 2024 तक मनाया जाएगा। जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को सावधानी के साथ सड़क नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना और उनके जीवन को सुरक्षित करना है। जिला प्रशासन, पुलिस व आरटीओ के द्वारा इन एक माह में कई कार्यक्रम आयोजित करके, लोगों को सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने के लिए प्रोत्साहित करेगी। भारत में प्रत्येक वर्ष जनवरी माह में सड़क सुरक्षा का यह आयोजन किया जाता है। जिसका मुख्य उद्धेश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना एवं लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाना है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शोभराज अग्रवाल ने कहा कि आमजन यातायात नियमों का पालन करें ताकि दुर्घटना से बचा जा सके, बाईक चलाते समय हेलमेट का उपयोग अवश्य करें, हेलमेट का उपयोग नहीं करने से दुर्घटना के समय सिर में चोट लगने से व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है। इससे बचाव के लिए हेलमेट धारण किया जाना आवश्यक है क्योंकि हमारी सुरक्षा से पूरे परिवार की सुरक्षा भी जुड़ी होती है। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को प्राथमिक उपचार नहीं मिलने के कारण उसकी मृत्यु हो जाती है, इस हेतु आमजनों को घायल व्यक्ति को तुरंत निकटतम अस्पताल ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया। यातायात जागरूकता रथ व हेलमेट रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना।

# संपादकीय

## भाजपा गढ़ सुरक्षित सैंध मुश्किल.........

गुरूवार को भोपाल में भाजपा की चुनाव तैयारियों की बड़ी बैठक हुई। शनिवार को जयपुर में बैठक है। इनमें मंदिर को लेकर माहौल और माहौल को दो-ढ़ाई महिने बनाए रखने के रोडमैप पर विचार होता है तो लोकसभा चुनाव की ठोस रणनीति भी बनती हुई है। मतलब यह कि प्रदेश में विधानसभा चुनावों की थकान, सरकार-मंत्रिमंडल के गठन, विधायकों-मंत्रियों से स्वागत दौरे जैसे काम पूरे हुए नहीं उससे पहले ही प्रदेशों में भाजपा ने अपने आपको लोकसभा चुनाव की तैयारियों में झोंक दिया है। जबकि ठिक विपरित छतीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान में कांग्रेस इस वक्त पूरी तरह हताश, लावारिश, बिखरी और बिना नेतृत्व के है। और उत्तर भारत में यह हर तरफ है। तय माने ऐसा अयोध्या में मंदिर कार्यक्रम, गणतंत्र दिवस और राहुल गांधी की यात्रा की भूमिका बनने (मतलब उत्तरपूर्व व बंगाल तक की उनकी यात्रा) तक रहेगा। कांग्रेस किसी स्तर पर भाजपा के गढ (यूपी, गुजरात, एमपी, राजस्थान, छतीसगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, हिमाचल, जम्मू, चंडीगढ) की 207 लोकसभा सीटों में जमीनी चुनावी तैयारियां करते हुए, कमर कसते नहीं दिख रही है। यह बात इंडिया एलायंस के अखिलेश यादव व जयंत चौधरी पर लागू है तो अरविंद केजरीवाल पर भी लागू है। लग रहा है भाजपा भाजपा उम्मीदवारों की सूचियां जनवरी आखिर से आनी शुरू हो जाएगी। इससे पहले संगठन नेता, संघ-भाजपा मशीनरी राम मंदिर के आयोजन के प्रचार में घर-घर हवा बनाते हुए है तो उम्मीदवारों की छंटनी, संगठनात्मक बंदोबस्त करते हुए भी है तो कांग्रेस में तोड़फोड की संभावनाएं भी टटोली जा रही है। इसलिए क्या न माना जाएं कि राम मंदिर की हवा में उत्तर भारत की 207 सीटों में कांग्रेस और इंडिया एलायंस रामभरोसे ही रहेगा। यों विपक्ष में सीटों के बंटवारे पर विचार-विमर्श है लेकिन पार्टियों में जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की एकुजटता बने, आर-पार की लड़ाई का जुनून बने, ऐसा कुछ होता हुआ नहीं है। वजह यह भी है कि नरेंद्र मोदी इसका मौका ही नहीं बनने दे रहे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक के बाद एक, हर दिन के कलेंडर में घटनाओं की भरमार और उन पर मीडिया में नैरेटिव का सिलसिला ऐसा भारी है कि विपक्षी नेता करे तो क्या करें?

# विपक्ष को अभी बहुत काम करना है!

**अजीत द्विवेदी,**

कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां धीरे धीरे सदमे से उबर रही हैं। हिंदी भाषी तीन राज्यों में कांग्रेस की करारी हार ने सिर्फ कांग्रेस का मनोबल नहीं तोड़ा था, बल्कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के दूसरे घटक दलों का भी हौसला टूट गया था। तीन राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद कई राज्यों में प्रादेशिक क्षत्रपों के तेवर बदल गए। कहीं कांग्रेस को आंख दिखाई जाने लगी तो कहीं कांग्रेस का स्वागत होने लगा। ऐसा होने के दो कारण हैं। या तो विपक्षी पार्टियों ने मान लिया है कि भाजपा से मुकाबला मुश्किल हो गया और अब उसे हराया नहीं जा सकता है। बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी इस मानसिकता का प्रतिनिधित्व करती है। भले नीतीश का अंतिम फैसला कुछ भी हो लेकिन उनकी पार्टी के नेता मान रहे हैं कि भाजपा से लड़ने की बजाय उसके साथ चलना चाहिए। दूसरी ओर जिनको कांग्रेस की जरुरत महसूस होने लगी है उसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव हैं तो आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल भी हैं। दोनों तालमेल के लिए तैयार दिख रहे हैं और सीट बंटवारे को लेकर हुई पहली बैठक से यह साफ भी हो गया है। बहरहाल, तीन राज्यों में कांग्रेस की हार ने विपक्षी पार्टियों और सोशल मीडिया में भाजपा विरोधी पूर्व नौकरशाहों, पूर्व पत्रकारों, सामाजिक विचारकों आदि को किस तरह से प्रभावित किया है और कैसे विपक्ष के तमाम फ्रीलांस समर्थक चूहों की तरह विपक्षी जहाज से कूदने लगे हैं वह अलग चर्चा का विषय है। अभी जो विपक्ष एकजुट है और अगले लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबले की तैयारी कर रहा है उसे बहुत काम करने होंगे। सबसे अहम काम एक मजबूत व भरोसे का गठबंधन बनाना है, जिसमें सीटों का तालमेल इस तरह से हो कि उस पर कोई विवाद न रहे। यह सबसे अहम काम है क्योंकि अगर सबकी सहमति से सीटों का बंटवारा नही होता है तो जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं और नेताओं को गठबंधन के उम्मीदवारों का दिल से साथ देने के लिए तैयार करना मुश्किल हो




कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां धीरे धीरे सदमे से उबर रही हैं। हिंदी भाषी तीन राज्यों में कांग्रेस की करारी हार ने सिर्फ कांग्रेस का मनोबल नहीं तोड़ा था, बल्कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के दूसरे घटक दलों का भी हौसला टूट गया था। तीन राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद कई राज्यों में प्रादेशिक क्षत्रपों के तेवर बदल गए। कहीं कांग्रेस को आंख दिखाई जाने लगी तो कहीं कांग्रेस का स्वागत होने लगा। ऐसा होने के दो कारण हैं। या तो विपक्षी पार्टियों ने मान लिया है कि भाजपा से मुकाबला मुश्किल हो गया और अब उसे हराया नहीं जा सकता है। बिहार में नीतीश कुमार की पार्टी इस मानसिकता का प्रतिनिधित्व करती है।

जाएगा। अगर सबकी सहमति से सीटों का बंटवारा होता है और यह मैसेज बनता है कि सबके लिए विन-विन सिचुएशन है यानी साथ मिल कर लड़ने से सब फायदे में रहेंगे तो कार्यकर्ता जुड़ेंगे और मेहनत करके चुनाव लड़ेंगे। सो, भरोसे का गठबंधन और वस्तुनिष्ठ आकलन के साथ सीटों का बंटवारा पहला काम है, जिसे विपक्षी पार्टियों को तय समय सीमा के भीतर कर लेना चाहिए। इसके बाद गठबंधन का नेतृत्व करने वाले चेहरे का मामला है। विपक्षी गठबंधन की दिल्ली में हुई चौथी बैठक में सबको हैरान करते हुए ममता बनर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम का प्रस्ताव रख दिया था। उन्होंने खड़गे को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना कर लड़ने की बात कही, जिसका समर्थन अरविंद केजरीवाल ने किया। इससे गठबंधन के अंदर विभाजन और भरोसे का संकट दिखा। इसके तुरंत बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेवर दिखाए और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुला कर खुद पार्टी के अध्यक्ष बन गए। 'इंडिया' गठबंधन को मजबूत बनाने और भाजपा विरोधी नैरेटिव का चेहरा बने राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह को उन्होंने अध्यक्ष पद से हटा दिया। अब उनकी पार्टी के नेता मांग कर रहे हैं कि संयोजक के साथ साथ नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री पद का दावेदार भी बनाया जाए। खड़गे ने हालांकि बैठक में ही ममता के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था लेकिन ममता ने वह राग बंद नहीं किया है। उनको कांग्रेस से तालमेल करने में परेशानी हो रही है पर कांग्रेस अध्यक्ष को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बना कर लड़ने का सुझाव दे रही हैं। इससे अपने आप उनका विरोधाभास जाहिर होता है। सो, कांग्रेस और दूसरी पार्टियों को गठबंधन के चेहरे के बारे में फैसला करना है। एक सुनियोजित रणनीति बनानी होगी और उसके साथ जनता के बीच जाना होगा। अगर यह फैसला होता है कि बिना किसी चेहरे के और सामूहिक नेतृत्व में विपक्ष लड़ेगा तो इसके सभी पहलुओं पर विचार करना होगा ताकि जनता के बीच जाने पर किसी तरह का कंफ्यूजन न रहे और न कोई विरोधाभास दिखे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से तैयार किए गए चुनावी विमर्श का जवाब देने की रणनीति बनानी होगी। मोदी के चुनावी विमर्श में हिंदुत्व का मुद्दा प्रमुख है, जिसका प्रतीक श्रीराम जन्मभूमि मंदिर है। इसका उद्घाटन 22 जनवरी को होगा और उसके बाद भाजपा पूरे देश से रामभक्तों को अयोध्या ले जाने का अभियान चलाएगी। सो, हिंदुत्व और राममंदिर के चुनावी विमर्श का विपक्ष को कैसे मुकाबला करना है इसकी रणनीति जल्दी से जल्दी बनानी होगी। अभी सभी पार्टियां अपने अपने हिसाब से इस मसले से निपटने की कोशिश कर रही हैं। कांग्रेस नेता अयोध्या नहीं जा रहे है पर उत्तर प्रदेश में जहां यह कार्यक्रम हो रहा है वहां की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी समाजवादी पार्टी ने यह स्टैंड लिया है कि जब रामजी बुलाएंगे तो जाएंगे। ऐसा इसलिए है क्योंकि उनको न्योता नहीं मिला है। उधर मुंबई में उद्धव ठाकरे 22 जनवरी को नासिक जाएंगे और राममंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। क्या यह अच्छा नहीं होता कि जिन विपक्षी पार्टियों के नेताओं को नहीं बुलाया गया है वे सभी 22 जनवरी को भगवान राम के किसी दूसरे प्रसिद्ध मंदिर में जाकर पूजा करते? उस दिन सब कोऑर्डिनेटेड तरीके से अलग अलग मंदिरों में भी जा सकते हैं। कुछ भी करके विपक्षी पार्टियों को व्यापक हिंदू समाज में यह संदेश देना चाहिए कि वे अयोध्या में राममंदिर निर्माण से खुश हैं और हिंदू धर्म के इस गौरवपूर्ण क्षण में उनके साथ हैं।

## विचाक

## कांग्रेस समझौता मूड में, लचीली!

अगले लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस अपने हितों से समझौता करने को तैयार है। सीट बंटवारे को लेकर चल रही बातचीत में कांग्रेस ने बहुत लचीला रुख दिखाया है। कांग्रेस ने सभी सहयोगी पार्टियों को मैसेज दिया है कि वह सीटों की संख्या पर नहीं अड़ेगी। असल में कांग्रेस के लिए चुनाव प्रबंधन और रणनीति बनाने का काम देख रहे सुनील कनुगोलू की टीम कांग्रेस के लिए सर्वेक्षण कर रही है और ऐसी सीटों की पहचान कर रही है, जहां वह ज्यादा आसानी से लड़ और जीत सकती है। ध्यान रहे कांग्रेस चार सौ से ज्यादा सीटों पर लड़ती रही है और पिछली बार भी 421 सीटों पर लड़ी थी। उससे पहले 2014 के चुनाव में तो 464 सीटों पर लड़ी थी लेकिन सिर्फ 44 सीट जीत पाई थी। दूसरे चुनाव में वह 421 सीटों पर लड़ी, जिसमें से 52 पर जीती और 209 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। इस आंकड़े को ध्यान में रख कर सुनील कनुगोलू की टीम ने ऐसी सीटों पर फोकस करने की सलाह दी है, जिन पर कांग्रेस जीत सकती है। कांग्रेस के उम्मीदवार जिन सीटों पर तीसरे या चौथे स्थान पर रहे थे उनको छोड़ दिया है। तभी पिछले दिनों कांग्रेस नेताओं की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 255 सीटों पर फोकस करने की बात कही। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि कांग्रेस सिर्फ 255 सीटों पर लड़ेगी। वह इसके अलावा एक सौ और सीटों पर लड़ सकती है। लेकिन उसका जोर इन 255 सीटों पर होगा। बताया जा रहा है कि कांग्रेस ने 375 सीटों की मांग की है। इसमें से 291 सीटें तो ऐसी हैं, जो कांग्रेस और भाजपा के सीधे मुकाबले वाली हैं और 85 सीटें उन राज्यों में हैं, जहां प्रादेशिक क्षत्रप मजबूत हैं और कांग्रेस उनकी सहयोगी पार्टी है। हालांकि कांग्रेस ने भले 375 सीटों पर लड़ने की बात कही है लेकिन खड़गे की बात से स्पष्ट है कि पार्टी 255 से 290 के बीच सीटें अपने लिए अनुकूल मान रही है और उन्हीं पर लड़ने की तैयारी कर रही है। तभी ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस का तालमेल ऐसी पार्टियों से भी हो जाएगा, जिनके साथ सीटों की एडजस्टमेंट में मुश्किल आ रही है। कांग्रेस पुरानी सहयोगी पार्टियों के साथ साथ नई सहयोगियों को जोड़ने के लिए भी अपनी कुछ सीटें छोड़ने को तैयार है। कांग्रेस हर हाल में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र में तालमेल करना चाहती है। इन चारों राज्यों की प्रादेशिक पार्टियों के साथ कांग्रेस का पुराना तालमेल रहा है और कांग्रेस पहले भी उनके साथ चुनाव लड़ चुकी है। इसलिए भले कांग्रेस ज्यादा सीटों की मांग कर रही है लेकिन वह प्रादेशिक पार्टियों के हिसाब से सीटों की एडजस्टमेंट के लिए तैयार है। नई पार्टियों में शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट है, जिसके साथ कांग्रेस को पहली बार चुनाव लड़ना है और आम आदमी पार्टी के साथ भी तालमेल होता है तो कांग्रेस पहली बार चुनाव लड़ेगी। अगले लोकसभा चुनाव को करो या मरो वाला चुनाव मान रही कांग्रेस दोनों के साथ तालमेल को तैयार है।

### आप और कांग्रेस का हो जाएगा तालमेल

कांग्रेस पार्टी के नेताओं का एक वर्ग ऐसा है, जो मान रहे हैं कि पार्टी को किसी हाल में आम आदमी पार्टी के साथ तालमेल नहीं करना चाहिए। उनका तर्क है कि कांग्रेस ने 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद आम आदमी पार्टी को समर्थन देकर उसकी सरकार बनवाई थी इसका नतीजा यह हुआ है कि 2015 के चुनाव में कांग्रेस का पूरा वोट आप को ट्रांसफर हो गया और कांग्रेस साफ हो गई। पिछले दो लोकसभा और दो विधानसभा चुनावों में दिल्ली में कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। इस आधार पर कुछ नेताओं का मानना है कि कांग्रेस का विकल्प बनने की कोशिश कर रही आप से तालमेल आत्मघाती हो सकता है। लेकिन दूसरी ओर ज्यादातर नेता तालमेल के पक्ष में हैं। वे पंजाब, गोवा और गुजरात की मिसाल दे रहे हैं, जहां कांग्रेस ने आप को समर्थन नहीं दिया था फिर भी वह काफी सफल रही। पंजाब में तो उसने 117 में से 92 सीटें जीत कर रिकॉर्ड बनाया है। गोवा में भी वह दो सीट जीत गई और गुजरात में उसे भले पांच ही सीटें मिलीं लेकिन उसने कांग्रेस के 13 फीसदी वोट काट लिए। इस आधार पर तालमेल का समर्थन करने वाले नेताओं का कहना है कि कांग्रेस को सबसे पहले यह चिंता करनी चाहिए कि वह कैसे मजबूत होगी।

# मैक्रों ने चला अटल का दांव

**श्रुति व्यास**

इमैनुएल मैक्रों को एक जीत की दरकार थी, और गेब्रियल अटल को प्रधानमंत्री नियुक्त कर उन्होंने वह जीत हासिल कर ली है। मैक्रों का दूसरा कार्यकाल उथलपुथल भरा रहा है। उन्हें अलोकप्रियता और जनता की अस्वीकृति का सामना करना पड़ाहै। जनता में पेंशन संबंधी सुधारों, जिनके जरिए रिटायरमेंट की उम्र 62 से बढ़ा कर 64 साल की गई, और दक्षिणपंथियों को खुश करने के लिए प्रस्तावित कठोर आप्रवासी कानूनों को लेकर नाराजगी थी। इसलिए इमैनुएल मैक्रों की छवि एक ऐसे राष्ट्रपति की बन गई जिसने उसे उपलब्ध मौके खो दिए। यह युवा नेता जब सत्ता में आया था, तब वह अपने साथ लाया था ढेर सारी आशाएं और उत्साह। अब उनका स्थान फ्रांस में असंतोष और निराशा ने ले रखा है। और 62 साल की एलिजाबेथ बोर्न को हटाकर, जिन्होंने इस बात को छिपाने का कोई प्रयास नहीं किया कि वे उन पर दबाव डाले जाने से नाराज हैं, मैक्रों ने कठिनाई भरे अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम दौर को बेहतर बनाने का प्रयास किया है।34 वर्षीय अटल ङ्क जो देश के सबसे युवा और पहले खुले तौर पर समलैंगिक प्रधानमंत्री हैं ङ्क को नियुक्त कर मैक्रों यह उम्मीद कर रहे हैं कि उनके नंबर कुछ बढ़ जाएंगे। यह माना जाता है कि यह नया युवा प्रधानमंत्री पिछली अलोकप्रिय सरकार का सबसे लोकप्रिय राजनेता था। अटल को इसलिए चुना गया है ताकि उम्मीद की वापसी हो सके। अपनी पुस्तक 'रेविल्यूशन', जो उन्होंने अपने पहले राष्ट्रपति चुनाव अभियान के पहले लिखी थी, में मैक्रों ने लिखा था, जो चीज़ फ्रांस को एक रखती है वह है व्यक्तियों के नस्लीय मूल और नियति की विविधता को स्वीकार और भाग्यवाद को नामंजूर करना। मैक्रों 39 वर्ष के थे जब वे फ्रांस के राजनैतिक तंत्र को एक नयी दिशा देते हुए देश के इतिहास के सबसे युवा राष्ट्रपति बने। अटल, जो सन् 2016 में मैक्रों के चुनाव प्रचार में भाग लेने के समय से ही उनके वफादार रहे हैं, अप्रैल 2027 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के समय 38 वर्ष के होंगे और यदि उनका वर्तमान कार्यकाल सफल रहता है तो संभावना है कि वे अगले चुनाव में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। सख्त सर्दी में प्रधानमंत्री निवास के परिसर में आयोजित समारोह में निवृत्मान प्रधानमंत्री बोर्न के बगल में खड़े अटल ने कहा कि उनकी और राष्ट्रपति मैक्रों की युवावस्था साहस और गतिशीलता की प्रतीक हैं। लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि फ्रांस में बहुत से लोग अपने जनप्रतिनिधियों के प्रति संशय में हैं। और यह ठीक ही है क्योंकि बहुत सारे फ्रांसिसी अटल की नियुक्ति को एक जुआ मानते हैं। यूरोपीय संसद में उग्र राष्ट्रवादी दक्षिणपंथी दलों के उदारवादी समूह को पछाड़कर तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बनने की भविष्यवाणियों के बीच ङ्क यह आशा की ही जानी चाहिए कि मैक्रों का दांव सही पड़ेगा। लेकिन राष्ट्रपति शायद केवल जनता के मूड को ज़रुरत से ज्यादा महत्व दे रहे हैं। जैसा कि बोर्न को गड्ढे में गिरने के बाद समझ में आया, 577 सदस्यीय सदन में बहुमत न होने से, जिसमें मैक्रों की रेनासां पार्टी और उसके मित्र दलों का स्पष्ट बहुमत नहीं है, मैक्रों के इस दूसरे कार्यकाल में प्रधानमंत्री की भूमिका ठीक से निभा पाना लगभग असंभव है। लेकिन इस बात के मद्देनजर कि अगली गर्मियों में पेरिस ओलंपिक और यूरोपियन संसद के चुनाव दोनों होने हैं, मैक्रों, जिनकी एप्रूवल रेटिंग घटकर 27 प्रतिशत रह गई है, सरकार की छवि में बदलाव चाहते थे। मैक्रों को उम्मीद है कि मध्य-दक्षिणपंथी बोर्न की तुलना में अटल को इस विचारधारा के लोग अधिक पसंद करेंगे। आखिर मैक्रों को आप्रवासी कानून को पारित कराने के लिए उनके समर्थन की जरूरत होगी। नतीजतन अटल को माहौल अनुकूल रखने पर ध्यान केन्द्रित रखना होगा और संसद में टकराव से दूर रहना होगा। मैक्रों का कार्यकाल शायद समाप्ति की ओर है और उनके उत्तराधिकारी की दौड़ शुरू हो चुकी है। यदि वे गलतियां न करें और आशा जगा सकें, तो फ्रांस के नए प्रधानमंत्री 2027 में ली पेन से मुकाबला करने के लिए दक्षिणपंथियों की मदद से सबसे पसंदीदा उम्मीदवारों में से एक बन सकते हैं। सख्त सर्दी में प्रधानमंत्री निवास के परिसर में आयोजित समारोह में निवृत्मान प्रधानमंत्री बोर्न के बगल में खड़े अटल ने कहा कि उनकी और राष्ट्रपति मैक्रों की युवावस्था साहस और गतिशीलता की प्रतीक हैं। लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि फ्रांस में बहुत से लोग अपने जनप्रतिनिधियों के प्रति संशय में हैं। और यह ठीक ही है क्योंकि बहुत सारे फ्रांसिसी अटल की नियुक्ति को एक जुआ मानते हैं। यूरोपीय संसद में उग्र राष्ट्रवादी दक्षिणपंथी दलों के उदारवादी समूह को पछाड़कर तीसरी सबसे बड़ी शक्ति बनने की भविष्यवाणियों के बीच ङ्क यह आशा की ही जानी चाहिए कि मैक्रों का दांव सही पड़ेगा। लेकिन राष्ट्रपति शायद केवल जनता के मूड को ज़रुरत से ज्यादा महत्व दे रहे हैं। लेकिन ऐसे संकेतों के बीच कि अधिकाधिक मतदाता इस समस्याओं से घिरी सरकार से नाउम्मीद होते जा रहे हैं, प्रधानमंत्री पद पर अटल का आसीन होना, अटल के साथ-साथ मैक्रों के लिए भी एक बड़ा दांव है।

# शौर्य की बुलंदी पर वीरभूमि का सैन्य पराक्रम

**पीके खुराना**

पहाड़ के सीने पर सजे ये आलातरीन सैन्य पदक मैदाने जंग में वीरभूमि के सैन्य पराक्रम की तस्दीक करते हैं, मगर इसके बावजूद शौर्य का धरातल सेना में अपने नाम की शिनाख्त 'हिमाचल रेजिमेंट' को एक मुद्दत से मोहताज है हिमाचल प्रदेश के रणबांकुरों के शौर्य पराक्रम का उल्लेख महाभारत युद्ध में भी हुआ है। लिहाजा सैन्य सम्मान 'वीरभूमि' राज्य के नाम प्राचीन से दर्ज है। जम्मू-कश्मीर की डोगरा सल्तनत के हिमाचली जरनैल जोरावर सिंह कहलूरिया ने जम्मू-कश्मीर रियासत की हदूद को बाल्टिस्तान, गिलगित, हुंजा, स्कर्दू से लेकर लद्दाख व तिब्बत के महाज तक विस्तार देकर अपनी शूरवीरता का एक विशाल शिलालेख लिख दिया था। कई सैन्य अभियानों में हिमाचल के सैनिकों की बहादुरी से प्रभावित होकर अंग्रेजों ने 37, 38 व 41वीं डोगरा बटालियनों का गठन किया था। उन तीन यूनिटों से ही 'डोगरा रेजिमेंट' की बुनियाद पड़ी थी। सन् 1890 के दशक में भारत के पश्चिमी क्षेत्र यानी वर्तमान में पाकिस्तान का ऐबटाबाद, हुंजा व चित्राल क्षेत्र कबायली लड़ाकों के भयंकर विद्रोह से अशांत हो चुके थे। हिमाचली शूरवीर मे. ज. 'निहाल सिंह पठानिया' 1853-1926 जम्मू-कश्मीर रियासत की सेना के कमांडर थे। निहाल सिंह पठानिया ने सन् 1891 में 'हुंजा' रियासत में एक कबायली किलेबंदी को ध्वस्त करने के लिए चलाए गए सैन्य अभियान 'ब्लैक माऊंटेन' में अहम भूमिका निभाई थी। उसी सैन्य ऑपरेशन में 37वीं डोगरा के सैनिकों ने कबायली लश्कर को खामोश करके अदम्य साहस का परिचय दिया था। सन् 1895 में 'चित्राल' के हुक्मरान 'उमरा खान' ने अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ बगावत का ऐलान कर दिया था। चित्राल की उस भयंकर लड़ाई में 37 डोगरा यूनिट के जवानों ने कबायली लश्कर को शिकस्त देकर चित्राल, मोरा व शाहकोट क्षेत्रों पर कब्जा करके



अपने शौर्य का लोहा मनवाया था। आपरेशन में डोगरा सैनिकों की जांबाजी से प्रभावित होकर अंग्रेज हुकूमत ने 37 डोगरा यूनिट को 'बैटल ऑनर' 'चित्राल' से नवाजा था। सन् 1897 में पेशावर के नजदीक 'शबकदर' किले की भीषण जंग में अफ्रीदी कबायलियों के विद्रोह को भी 37 डोगरा के शूरवीरों ने ध्वस्त किया था। सन् 1893 में बर्तानिया हुकूमत के राजनयिक 'हेनरी मार्टिमर डूरंड' ने अफगानिस्तान के हुक्मरान 'अमीर अब्दुल रहमान' को 'डूरंड रेखा' को सीमा रेखा मानने पर राजी कर लिया था। उस फैसले से खफा होकर पठानों ने वजीरिस्तान में बगावत को अंजाम देकर ब्रिटिश छावनी 'वाना' पर हमला करके कई सैनिकों को हलाक कर दिया था। अंग्रेज सैन्य अधिकारी 'टर्नर' की कयादत में '38 डोगरा' बटालियन के जांबाजों ने वजीरिस्तान में पठानों की उस मंसूबाबंदी को नेस्तनाबूद करने में अहम भूमिका निभाई थी। सन् 1897 में 'मलाकंद' में मोहमंद व पशतून आदिवासियों द्वारा अंग्रेज हुकूमत के खिलाफ किए गए विद्रोह को दबाने के लिए ब्रिटिश सैन्य कमांडर 'विलियम होप निकलेजॉन' के नेतृत्व में मलाकंद में एक बड़ा सैन्य मिशन चलाया गया था। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री रहे 'विंस्टन चर्चिल' भी सैन्य अधिकारी के रूप में मलाकंद के उस सैन्य अभियान में शामिल थे। पश्तून विद्रोह को शांत करने में डोगरा सैनिकों की बहादुरी से प्रभावित होकर अंग्रेज हुकूमत ने 38 डोगरा बटालियन को 'युद्ध सम्मान' 'मलाकंद' से नवाजा था। सन् 1914 में पहली जंगे अजीम का आगाज हुआ था। सितंबर 1914 में हिमाचली शूरवीरों से सुसज्जित '41 डोगरा' बटालियन यूरोप के 'मार्सेल्स' युद्धक्षेत्र में पहुंच गई थी। मार्सेल्स के रण में डोगरा सैनिकों ने जर्मन सेना की तजवीज को ध्वस्त कर दिया था। दिसंबर 1915 में 37 व 41 दोनों यूनिटें 'मैसोपोटामिया' में पहुंची। मैसोपोटामिया के महाज पर डोगरा सैनिकों ने जोरदार हमला करके तुर्क सेना की पेशकदमी को नाकाम कर दिया था। स्मरण रहे प्रथम विश्व युद्ध में 37 व 41 डोगरा यूनिटों का मुकाबला उम्दा हथियारों से लैस जर्मन व तुर्की की सेनाओं से हुआ था। सैंकड़ों डोगरा सैनिक वीरगति को प्राप्त हो गए, मगर मैदाने जंग में दुश्मन को पीठ नहीं दिखाई। जनवरी 1916 में बगदाद के नजदीक 'शेखसाद' के अग्रिम मोर्चे पर जंग लड़ रही 37 डोगरा बटालियन में बिलासपुर के बड़ागांव निवासी 'भाग सिंह चंदेल' सूबेदार मेजर के पद पर तैनात थे। शेखसाद की शदीद जंग में भाग सिंह चंदेल जख्मी हो गए थे, मगर तुर्कों पर हमले में अपने सैनिकों का वीरता से नेतृत्व करते रहे। प्रथम विश्व युद्ध में साहस व उत्कृष्ट सैन्य नेतृत्व के लिए अंग्रेज हुकूमत ने 'भाग सिंह चंदेल' को 'इंडियन आर्डर ऑफ मेरिट' के मेडल तथा 'बहादुर' की उपाधि से अलंकृत किया था। मैसोपोटामिया के मोर्चे पर 21 जनवरी 1916 को 'अल हना' की जंग में निर्भिक सैन्य निष्ठा का परिचय देने वाले '41 डोगरा' के हिमाचली शूरवीर नायक 'लाला राम' को ब्रिटिश हुकूमत ने अपने सर्वोच्च सैन्य पदक 'विक्टोरिया क्रॉस' से नवाजा था। प्रथम विश्व युद्ध में कुल नौ भारतीय सैनिक विक्टोरिया क्रॉस विजेता थे, जिनमें हिमाचल के प्रथम विक्टोरिया क्रॉस जमादार लाला राम भी शामिल थे। जम्मू-कश्मीर रियासत की सेना के अधिकारी रहे हिमाचली सपूत मे. ज. 'जनक सिंह कटोच' तथा 'रघबीर सिंह पठानिया' को भी पहली जंगे अजीम में दास्तान-ए-शुजात के लिए अंग्रेज हुकूमत ने 'इंडियन आर्डर ऑफ मैरिट' के मेडल से अलंकृत किया था।यह जिक्र करना लाजिमी है कि अंग्रेज लेखक 'फिलिप मेसन' ने अपनी किताब 'ए मैटर ऑफ ऑनर' में पहली जंगे अजीम में विदेशी धरती पर बहादुरी का अफसाना लिखने वाले डोगरा रेजिमेंट के सैनिकों की शूरवीरता को पूरी तफसील से बयान किया था। बहरहाल महाभारत युद्ध से लेकर दो विश्व युद्ध, आजाद हिंद फौज व देश के लिए पांच बड़े युद्ध तथा अन्य सैन्य अभियानों में प्रदेश के रणबांकुरों ने अपनी शूरवीरता के कई मजमून लिखे हैं। जंगे अजीम में दो विक्टोरिया क्रॉस, मिलिट्री क्रॉस, जार्ज क्रॉस तथा आजादी के बाद चार परमवीर चक्र, तेरह महावीर चक्र व तीन अशोक चक्र पहाड़ के सीने पर सजे ये आलातरीन सैन्य पदक मैदाने जंग में वीरभूमि के सैन्य पराक्रम की तस्दीक करते हैं, मगर इसके बावजूद शौर्य का धरातल सेना में अपने नाम की शिनाख्त 'हिमाचल रेजिमेंट' को एक मुद्दत से मोहताज है। मुल्क के हुक्मरान इस मुद्दे पर तवज्जो फरमाएं।

# जयकारों के साथ रवाना हुआ तीन दिवसीय धार्मिक यात्रा दल- कुण्डलपुर के बडे बाबा आदिनाथ भगवान के अभिषेक सहित अहिंसा शाकाहार एवं भगवान महावीर के सिद्धांतों का करेगें प्रचार-प्रसार



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** जैन युवा एवं महिला संगठनों की प्रदेश स्तरीय पंजीकृत प्रतिनिधि संस्था राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के बैनर तले धार्मिक यात्रा दल मंगलवार को भगवान आदिनाथ के जयकारों के साथ दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से मध्य प्रदेश के कुण्डलपुर के लिए रवाना हुआ।

युवा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि दयोदय एक्सप्रेस से रवाना हुए इस यात्रा दल को समाज के गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने शुभकामनाएं देकर रवाना किया ।

यात्रा दल के संयोजक रमेश बाकलीवाल एवं मनोज सोगानी पहाडी वाले के मुताबिक यात्रा दल जयपुर से रवाना होकर दमोह पहुंचेगा जहां से बुधवार को बसों द्वारा सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर पहुंचेगा जहां मूलनायक भगवान आदिनाथ बडे बाबा एवं मन्दिर दर्शन करते हुए मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक करेगें। तत्पश्चात विश्व में अमन चैन एवं सुख शांति की कामना के साथ शांतिधारा करेगें।

सहसंयोजक चेतन जैन निमोडिया एवं नरेश बाकलीवाल ने बताया कि यात्रा दल के सदस्य अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना करेगें ।

श्री जैन के मुताबिक यात्रा के दौरान सिद्ध क्षेत्र कुण्डलपुर, अतिशय क्षेत्र गढ़ा कोटा में मंदिरों के दर्शन लाभ एवं क्षेत्र की वन्दना करेगें। श्री जैन के मुताबिक अतिशय क्षेत्र पथरिया में आचार्य विराग सागर महाराज के मुनिसंघो के दर्शन कर आरती का पुण्यार्जन करेगें। दमोह स्थित मंदिरों के दर्शन लाभ प्राप्त करेगें।

श्री जैन के मुताबिक यात्रा दल द्वारा यात्रा के दौरान भगवान महावीर के सिद्धांत जीओ और जीने दो सहित अहिंसा, शाकाहार का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। यात्रा दल में प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा,रमेश बाकलीवाल, मनोज सोगानी पहाडी वाले, नरेश बाकलीवाल, सौरभ जैन, पूरण गंगवाल, महेश बाकलीवाल, रवि जैन, विनोद सेठी, दिनेश बाकलीवाल, तेजेन्द्र सोगानी, मनीष सेठी सहित बडी संख्या में जैन बन्धु शामिल हुए।

# बिजोलिया राजस्थान की देशना पटवारी ने एमबीबीएस के प्रथम वर्ष में मुंबई महानगर में पहला स्थान एवं महाराष्ट्र राज्य में चौथा स्थान प्राप्त कर जैन समाज को किया गौरव ऊंचा



**बिजोलिया ( विश्व परिवार )।** धर्मनिष्ट परिवार में जन्मी देशना पटवारी ने एक बार पुन: जैन समाज का गौरव ऊंचा किया। साथ ही साथ नारी शक्ति का भी एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

बिजोलिया के धर्मनिष्ठ सुरेश पटवारी की पौत्री एवम नितिन पटवारी की पुत्री देशना पटवारी ने नायर हॉस्पिटल मुंबई से एमबीबीएस प्रथम वर्ष मे पूरे मुंबई महानगर मे पहला स्थान व महाराष्ट्र राज्य मे चौथा स्थान हासिल किया।

देशना ने ना केवल पूरे पटवारी परिवार का, न केवल बिजौलिया नगर का उन्होंने पूरे जैन समाज का नाम मुंबई सहित पूरे महाराष्ट्र एवम संपूर्ण भारतवर्ष में नारी शक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए जैन समाज का गौरव ऊंचा किया है।

सुश्री देशना ने इसका श्रेय तपोदय तीर्थ के पारसनाथ भगवान के साथ निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद को दिया। एवं अपने दादा सुरेश पटवारी, अपने पिता नितिन पटवारी और अपनी मां के मार्गदर्शन को दिया। देशना ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा तपोदय तीर्थ बिजोलिया में स्थित आचार्य विद्यासागर स्कूल में की। उनकी इस सफलता से बिजोलिया ही नहीं संपूर्ण मेवाड़ ही नहीं, संपूर्ण राजस्थान ही नहीं, अपितु समस्त भारतवर्ष की जैन समाज में हर्ष व्याप्त है। उनकी सफलता के लिए जितनी शुभकामनाएं दी जाए कम होगी।

**-अभिषेक जैन लुहाड़िया**












www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## संक्षिप्त समाचार

### नक्सलियों ने किया हिट एंड रन कानून का विरोध

**बीजापुर(विश्व परिवार)।** नक्सलियों के पश्चिम बस्तर डिविजन ने छह मांगों को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार को कहा है. जिसमें केंद्र सरकार के हिट एंड रन कानून को वापस लेने की मांग की गई है.इसके साथ ही सड़कों के निर्माण में भ्रष्टाचार, सड़क निर्माण में हो रही खामियों को सुधारने, खराब सड़कों की मरम्मत तुरंत करने, ट्रक ड्राइवरों और उनके परिवारों की बेहतर सुरक्षित जिंदगी के लिए उचित कदम उठाने की अपील की है. इसके अलावा नक्सली संगठन ने ट्रक ड्राइवर के आंदोलन के समर्थन में सभी वर्ग की जनता से आवाज उठाने और कारपोरेट घरानों के सेवक, जन विरोधी फांसीवादी नीति का विरोध किया गया है.नक्सलियों ने ड्राइवरों की मांग पूरी होने तक आम जनता से समर्थन करने की अपील भी की है.आपको बता दें कि ऐसा पहली बार हो रहा है कि नक्सली केंद्र सरकार से सड़क के मरम्मत के लिए अपील कर रहे हैं.आपको बता दें कि हिट एंड रन से जुड़े नए कानून के विरोध में वाहन चालकों की ओर से किए जा रहे हड़ताल के ऐलान के बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों ने ड्राइवर्स की मीटिंग ली. जिसके बाद वाहन चालक संघ ने हड़ताल को समाप्त करने का निर्णय लिया था. 11 जनवरी से ट्रक ड्राइवर्स अपने कार्य पर वापस लौट चुके हैं. आपको बता दें कि हड़ताल के कारण धान खरीदी, स्कूल बस समेत जरूरी काम काज प्रभावित हो रहे थे.

### रेलवे अंडर ब्रिज का कलेक्टर मयंक ने किया निरीक्षण

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** आज कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा रेलवे अंडर ब्रिज का निरीक्षण करके अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यातायात सुलभता के दृष्टिकोण से वर्तमान के वन वे अंडर ब्रिज को टू वे अंडर ब्रिज में बदलने हेतु शीघ्रता से करें। साथ ही सड़क चौड़ीकरण के लिए अविलम्ब निविदा आमंत्रित किया जाए। इसके अलावा उन्होंने रेलवे के अधिकारियों से ओव्हर फ्लाई ब्रिज निर्माण के संबंध में चर्चा करते हुए निर्माण में तेजी लाने को कहा।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचा कांजीपानी पंचायत

**सुकमा(विश्व परिवार)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को सुकमा ज़िले के छिंदगढ़ ब्लाक के कांजीपानी पंचायत में पहुँची। भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं भारत सरकार के फ्लैगशिप योजनाओं की आमजन को जानकारी दी गयी । स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों के द्वारा विकसित भारत संकल्प रथ का का स्वागत सामूहिक रूप से किया गया । स्थानीय स्कूल की बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए। साथ ही उपस्थित जन प्रतिनिधिए अधिकारी कर्मचारी, किसान, महिला एवं विधार्थियो बीच क्वीज प्रतियोगिता आयोजित हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति बच्चों को प्रशस्ति पत्र दिये गये। सरकार की जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा, प्रधानमंत्री उज्जवला, प्रधानमंत्री आयुष्मान, जन आरोग्य, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधी, अटल पेंशन इत्यादि से पत्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। विभिन्न विभागों महिला व बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, सहकारिता, स्वास्थ्य विभाग व बैंक दवारा स्टाल लगाये गये। महिला एवम बाल विकास विभाग द्वारा पोषण कीट वितरण, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड तथा हितग्राही की स्वास्थ्य जांच किया गया,साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया ।

### कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र हरदी के कार्यों का किया भौतिक सत्यापन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़(विश्व परिवार)।** कलेक्टर के एल चौहान ने सारंगढ़ विकासखण्ड के धान खरीदी केंद्र हरदी का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री चौहान ने धान खरीदी केंद्र हरदी के सभी कार्यों का 3 घंटे तक भौतिक सत्यापन किया। किसानों से तौल किए गए धान और भंडारित (स्टेक) धान को पुन: तौलाया गया। इसी प्रकार किसानों से रकबा समर्पण के लिए समिति में जमा आवेदनों के कार्य को कलेक्टर ने पूरा कराया। कलेक्टर श्री चौहान ने 3 किसानों को समिति की ओर से धान खरीदी बिक्री की पावती प्रदान किया। किसानों से बातचीत में कलेक्टर को एक किसान ने वर्ष 2014-15 और 2015-16 के धान बोनस नही मिलने की जानकारी दी। कलेक्टर ने उस किसान से उन वर्षो के धान बोनस के लिए तुरंत आवदेन फॅार्म भरवाया। निरीक्षण के दौरान उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, अपेक्स बैंक के अधिकारी और समिति हरदी के कर्मचारी उपस्थित थे।

# वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अति जरूरी-विधायक

## 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** भारत सरकार के निर्देशानुसार 34 राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पूरे भारत वर्ष में 15 जनवरी 2024 से 15 फरवरी 2024 तक मनाया जाएगा। इस क्रम में आज जिला मुख्यालय में माँ दंतेश्वरी मंदिर के सामने स्थित जय-स्तंभ चौक से विधायक दंतेवाड़ा श्री चैतराम अटामी, सीआरपीएफ डीआईजी श्री विकास कठेरिया, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा श्री गौरव राय एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यातायात जागरूकता रथ एवं बाईक हेलमेट जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिसमें बाइक रैली जय स्तंभ चौक से शुरू होकर स्टेट बैंक चौक कटेकल्याण रोड होते हुए बाईपास चौक चितालंका से पुन: जय स्तंभ चौक में समाप्त हुआ। इस मौके पर



विधायक श्री चैतराम अटामी ने इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने की बात कहते हुये वाहनों को नियंत्रित गति से चलाने तथा वाहन चलाने के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग के संबंध में जनता से अपील की। साथ ही डीआईजी सीआरपीएफ श्री विकास कठेरिया के द्वारा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करवाने में पुलिस की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने भी आम जनता से यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए जिले में यातायात एवं सड़क सुरक्षा से संबंधित अधोसंरचना विकास की पहल किए जाने की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय ने भी इस दौरान आम जनता से दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग, चार पहिया वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट का उपयोग करने को कहा। इस के पश्चात् मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारी एवं आमजनों को यातायात नियमों का पालन करने के लिये यातायात की शपथ दिलाई गई। ज्ञात हो कि 34 राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह दौरान यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से जिला मुख्यालय सहित जिले के सभी थाना क्षेत्रों में घूम-घूमकर जन जागरूकता रैली, हेलमेट रैली, नुक्कड़ नाटक, स्कूल एवं कॉलेजों में यातायात प्रशिक्षण कार्यक्रम, व्यावसायिक वाहन एवं ऑटो चालको का प्रशिक्षण कार्यक्रम, स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन, प्रदर्शनी स्थल में आम नागरिकों का भ्रमण, आम सड़क एवं हाट-बाजारों में जागरूकता हेतु लाउडस्पीकर व पेपर पाम्पलेट्स वितरण प्रचार-प्रसार कर यातायात से संबंधित नियमों की जानकारी देने के साथ-साथ चौक-चौराहों में वाहन चालकों को हेलमेट, सीट-बेल्ट आदि के उपयोग पर विशेष रूप से समझाइश दी जावेगी।

# जिले में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन भव्य एवं गरिमामय ढंग से सुनिश्चित की जाए - कलेक्टर

### बैठक में तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ भव्य एवं गरिमामय ढंग से आयोजन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल जिले में गणतंत्र दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री शशांक पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुशील नायक सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने कहा कि जिले में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह गरिमा के अनुरूप बेहतर ढंग से आयोजन करने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री जितेंद्र यादव ने आयोजन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में बताया कि जिले में गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय बालोद के स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में किया जाएगा। इस दौरान जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु विभिन्न विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियों के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि गणतंत्र दिवस समारोह स्थल स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में अतिथियों, गणमान्य नागरिकों, शहीद परिवारों एवं आमंत्रित लोगों को निर्धारित स्थानों में बैठक व्यवस्था की जिम्मेदारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बालोद, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बालोद एवं तहसीलदार बालोद को दी गई है। इसी तरह परेड सलामी व्यवस्था, कानून व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं पार्किंग व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक बालोद को दी गई है। कार्यक्रम में ध्वजारोहण की सम्पूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र बालोद को दी गई है। समारोह स्थल पर आमंत्रित लोगों की बैठक, मंच निर्माण व्यवस्था, वीआईपी बैठक, वाटर प्रूफ शामियाना बैरिकेटिंग, परेड मैदान में अतिथि एवं गणमान्य नागरिक, प्रेस, स्वतंत्रता सेनानी, शहीद परिवार के लिए अलग- अलग सेक्टर निर्माण की व्यवस्था की जिम्मेदारी कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग को दी गई है।

# कलेक्टर ने जिले में निर्माणाधीन सड़क व पुल-पुलियों का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल ने सोमवार को जिले कुधूर और हड़ेली जैसे जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां बनाई जा रही सड़कें और पुल-पुलियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर दुदावत ने पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ मर्दापाल तहसील के ग्राम चांगेर तक निर्माणाधीन सड़क, मटवाल से कुधूर तक निर्माणाधीन सड़क, कुधूर में भंवरडीह नदी पर बन रही पुल, कुधूर से तुमड़ीवाल तक निर्माण के लिए स्वीकृत सड़क, परोदा से परिपथ तक बन रही सड़क, हड़ेली से कड़ेनार तक निर्माणाधीन सड़क, और तोतर-चेमा मार्ग में भंवरडीह नदी पर निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी निकिता मरकाम भी मौजूद थीं। कलेक्टर दुदावत ने ग्रामीणों के लिए इन सड़क और पुल-पुलियों के महत्व को देखते हुए शीघ्र इनका निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उनहोंने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से जहां क्षेत्र के ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी, वहीं शासन को भी अपनी योजनाओं को आम ग्रामीणों तक पहुंचाने में सहजता होगी। कलेक्टर ने निर्माणाधीन चांगेर मार्ग के निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता एआर मरकाम ने बताया कि 12.9 किलोमीटर लंबी इस मार्ग में दस किलोमीटर तक भूमि समतलीकरण का कार्य कर लिया गया है। कलेक्टर ने शेष मार्ग में भूमि समतलीकरण के साथ ही जीएसबी कार्य तत्काल प्रारंभ करने के निर्देश दिए। वहीं सभी मार्ग के सभी पुल-पुलियों का कार्य प्रारंभ करने तथा मई माह तक कार्य को पूर्ण करने पर जोर दिया, जिससे बारिश के दिनों में ग्रामीणों को इस सड़क का लाभ मिल सके।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पूरा होगा मोतीराम के पक्के मकान का सपना

**कांकेर(विश्व परिवार)।** विशेष पिछड़ी जनजाति समूह 'कमार' जाति के श्री मोतीलाल मरकाम प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान की स्वीकृति मिलने पर बहुत खुश हैं। उन्हें आवास की स्वीकृति प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत मिली है। इससे उनके पक्के मकान का सपना अब जल्द ही मूर्त रूप लेगी। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राहियों के खाते में प्रथम किश्त की राशि ऑनलाईन अंतरित की गई। इनमें विशेष पिछड़ी जनजाति समूह 'कमार' समुदाय के ग्राम मावलीपारा निवासी श्री मोतीलाल मरकाम को भी आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया, जिसके तहत प्रथम किश्त के रूप में उनके खाते में राशि 40 हजार रूपए की राशि जमा हुई। श्री मोतीराम ने बताया कि वर्तमान में उनके पास कच्चा मकान है। उनके कवेलूपोश घर में बारिश के दिनों में पानी टपकने और दीवारों में नमी सहित अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि आज उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान बनाने के लिए राशि प्राप्त हुई है और अब वे तुरंत मकान निर्माण का कार्य शुरू करवाएंगे। उन्होंने कहा कि पक्का मकान बन जाने के बाद बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

# शाला प्रबंधन सदस्यों के प्रशिक्षण के लिए विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**दंतेवाड़ा(विश्व परिवार)।** राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में 15 जनवरी 2024 को जिला ग्रंथालय दंतेवाड़ा में जिला स्तरीय शाला प्रबंधन समिति और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्यों को प्रशिक्षित किये जाने हेतु विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षक तैयार किये जाने हेतु प्रत्येक विकासखंड से 2-2 शिक्षकों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त किए हुए मास्टर ट्रेनर द्वारा इन्हें प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से इन्हें बताया गया कि एसएमसी, एसएमडीसी के सदस्यों को इस प्रकार प्रशिक्षित करें कि वह अपने शाला में आवश्यक अपेक्षित सुधार ला सके, साथ ही साथ वहां अपनी-अपनी शाला में क्या-क्या परिवर्तन ला सके इस पर चर्चा पर चर्चा किया गया। विशेष रूप से उन्हें यहां बताया गया कि बच्चों एवं शिक्षकों की विद्यालय में, नियमित समय पर उपस्थित एवं पूरे समय सक्रियता से रहना। समय-समय पर बारी-बारी से शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा कक्षाओं का निरीक्षण और बच्चों की उपलब्धता का आकलन करते हुए उनमें सुधार हेतु शिक्षकों को जिम्मेदारी देना। शाला की मूलभूत आवश्यकताओं की पहचान कर उनकी पूर्ति करना और सुधार लाना। प्रत्येक शाला में 3 वर्ष की शाला विकास योजना हमेशा उपलब्ध रखना और उसे समय-समय पर अद्यतन करते रहना। शाला प्रबंधन समिति की नियमित बैठक आयोजित करने, आवश्यक सहयोग प्रदान करना, जो भी शासन स्तर से दिशा निर्देश प्राप्त होते हैं उसके आधार पर विद्यालय में आवश्यक परिवर्तन लाना। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रमोद ठाकुर के द्वारा यहां बताया गया कि एसएमसी एससीएमडी के सदस्यों के सक्रिय रहने से ही हमारे विद्यालय के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति करने में आवश्यक सहयोग प्राप्त होगा, विद्यालय की जो छोटी मोटी आवश्यकता है , उनकी भी भरपाई इनके द्वारा संभव हो सकेगी ।

# शासकीय योजनाओं से भारती और उनके परिवार की संवरी जिंदगी

**कांकेर(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के बिहान योजना के माध्यम से नरहरपुर विकासखंड के ग्राम मावलीपारा निवासी विशेष पिछड़ी जनजाति समूह की कमार जाति की श्रीमती भारती मरकाम के जीवन स्तर में काफी सुधार हुआ है। बिहान योजना के तहत समूह से जुड़कर वह आत्मनिर्भर होकर कार्य कर रही हैं और शासकीय योजनाओं का लाभ उठाते हुए वे और उनका परिवार पहले से बेहतर तरीके से जीवन-यापन कर रहे हैं। आज जिला पंचायत में आयोजित प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची श्रीमती भारती ने बताया कि वे पहले बांस से परंपरागत रूप से




टोकरी, चटाई सहित अन्य उत्पाद बनाने का कार्य करती थी। इससे उन्हें आय भी कम प्राप्त होती थी। प्राप्त आय से मुश्किल से घर-परिवार का खर्चा चल पाता था। लेकिन जब से वे गांव के तिरंगा स्वसहायता समूह से जुड़ी हैं तबसे उन्हें बिहान योजना के तहत बहुत लाभ मिला है और आय में भी बढ़ोत्तरी हुई है। उन्होंने बताया कि बिहान योजना के तहत समूह को प्राप्त राशि से सभी सदस्य बांस से कई उत्पाद बनाने का भी कार्य करती हैं। अब वे परंपरागत उत्पाद के अलावा कई बहुपयोगी और सजावटी कलाकृति भी बनाती हैं। इससे अब बिक्री बढ़ने से आय में भी वृद्धि हुई है। भारती ने बताया कि उन्हें अब महीने के लगभग पांच हजार रुपए की आमदनी प्राप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि बिहान योजना के अलावा उनके कच्चा मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का हो गया है।

### मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप कोर कमेटी की बैठक

**सुकमा(विश्व परिवार)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री डीएन कश्यप की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत में जिला स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक गई। आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए मतदान जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत विभिन्न गतिविधियों से मतदाताओं को जागरूक कर शत प्रतिशत मतदान करने एवं उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में उत्साह के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' चलाने की बात मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप श्री डीएन कश्यप आयोजित स्वीप कोर कमेटी की बैठक में कही। बैठक में मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया के बारे में शिक्षित और जागरूक करने के उद्देश्य से विस्तृत कार्य योजनाओं पर चर्चा कि गई। श्री कश्यप ने लक्षित समूहों पर आधारित ग्राम पंचायत स्तर, संकुल स्तर, विकासखण्ड स्तर एवं जिला स्तर पर स्वीप गतिविधियाँ आयोजित करने के संबंध में रोस्टर तैयार करने के निर्देश दिए गए।

## व्यापार समाचार

### रेलवे के शेयरों में 17 फीसदी तक उछाल

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** चौतरफा खरीददारी के चलते रेलवे के शेयरों में 17 फीसदी तक का उछाल आया, जिससे सेंसेक्स 73,000 के पार और निफ्टी 22,000 के पार पहुंच गया। आईआरएफसी में 17 प्रतिशत, आरवीएनएल में 11 प्रतिशत और इरकॉन में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ रेलवे शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही। ये सभी स्टॉक 52 सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। भारी मात्रा में कारोबार के चलते आईआरएफसी 52 सप्ताह के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। टेक्समैको रेल 5 फीसदी, रेलटेल 4 फीसदी, राइट्स 4 फीसदी और ज्यूपिटर वैगन्स 5 फीसदी ऊपर है। प्रभुदास लीलाधर की एक रिपोर्ट के अनुसार, बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे के विकास (राजमार्ग, रसद, बंदरगाह, रेलवे, मेट्रो), रक्षा, पीएलआई और वैश्विक स्तर पर बढ़ती आय और कम उम्र की आबादी के साथ घरेलू मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। सोमवार को सेंसेक्स 593 अंक ऊपर 73,162 अंक पर है। विप्रो 7 फीसदी चढ़ा है। अन्य आईटी दिग्गज भी टेक महिंद्रा, इंफोसिस, एचसीएल टेक के साथ 2 प्रतिशत से अधिक मजबूत हैं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा, बाजार में तेजी को अब फंडामेंटल्स से सपोर्ट मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आईटी सूचकांक जो 12 जनवरी को 5 प्रतिशत बढ़ा था, वह मजबूत रहेगा क्योंकि एचसीएल टेक और विप्रो के ऊपर जाने की अधिक गुंजाइश है।

### ईपैक ड्यूरेबल लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश खुलेगी 19 जनवरी 2024 को

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** ईपैक ड्यूरेबल लिमिटेड (ईपैक या कंपी), शुक्रवार, 19 जनवरी, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश की बोली/पेशकश खोलेगी। 10 के अंकित मूल्य के इक्विटी शेयरों की कुल पेशकश का आकार [.] तक का है जिसमें कुल मिलाकर ? 4,000 मिलियन [ 400 करोड़ ] का (फ्रेश इशू) और 10,437,047 इक्विटी तक की बिक्री पेशकश (ऑफर फॉर सेल) शामिल है। एंकर निवेशक बोली की तारीख गुरुवार, 18 जनवरी, 2024 होगी। बोली/पेशकश के अभिदान (सब्सक्रिप्शन) के लिए शुक्रवार, 19 जनवरी, 2024 को खुलेगी और मंगलवार, 23 जनवरी, 2024 को बंद होगी। इस पेशकश का मूल्य दायरा ?218 से ?230 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 65 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 65 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। कंपनी इक्विटी शेयरों के फ्रेश इशू से जुटाई गई राशि का उपयोग विनिर्माण इकाइयों के विस्तार/स्थापना, हमारी कंपनी के कुछ बकाया ऋणों के आंशिक या पूर्ण रूप से भुगतान और/या पूर्व भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य (पेशकश के उद्देश्य) के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव कर रही है। इस पेशकश के तहत 10,437,047 इक्विटी शेयरों (प्रस्तावित शेयर) की बिक्री पेशकश में बजरंग बोथरा के 1,172,976 इक्विटी शेयर, लक्ष्मी पत बोथरा के 666,798 इक्विटी शेयर, संजय सिंघानिया के 748,721 इक्विटी शेयर, 748,721 इक्विटी शेयर, अजय डीडी सिंघानिया के (सामूहिक रूप से, प्रमोटर सेलिंग शेयरधारक), पिंकी अजय सिंघानिया के 286,351 इक्विटी शेयर तक, प्रीति सिंघानिया के 286,351 इक्विटी शेयर तक, निखिल बोथरा के 442,905 इक्विटी शेयर तक, नितिन बोथरा के 442,905 इक्विटी शेयर तक, रजत कुमार बोथरा के 379,633 इक्विटी शेयर तक (सामूहिक रूप से, प्रमोटर ग्रुप सेलिंग शेयरहोल्डर), इंडिया एडवांटेज फंड एस4 ढ्ढ के 4,630,284 इक्विटी शेयर तक और डायनेमिक इंडिया फंड एस4 यूएस ढ्ढ के 631,402 इक्विटी शेयर तक (सामूहिक रूप से, इन्वेस्टर सेलिंग शेयरहोल्डर, और साथ में प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर और प्रमोटर ग्रुप सेलिंग शेयरहोल्डर, सेलिंग शेयरहोल्डर, और सेलिंग शेयरहोल्डरों के इक्विटी शेयरों की बिक्री के लिए ऐसी पेशकश (ऑफर फॉर सेल) शामिल है।

### सैमसंग ने गैलेक्सी ए05एस, ए54 5जी और ए34 5जी फोन की खरीदारी पर रोमांचक ऑफर्स की घोषणा की

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने अपने बेहद लोकप्रिय गैलेक्सी ए05एस (A05s), ए54 5जी (A54 5G), और गैलेक्सी ए34 5जी (A34 5G) स्मार्टफोन्स पर रोमांचक ऑफर्स की घोषणा की है। स्पेशल ऑफर के तौर पर उपभोक्ता अब गैलेक्सी ए05एस पर 2000 रुपये की तत्काल छूट हासिल कर सकते हैं। 4 जीबी+128 जीबी के इस फोन का वास्तविक मूल्य 13,499 रुपये है, जबकि 6 जीबी+128 जीबी के वैरिएंट की मूल कीमत 14,999 रुपये है। ऑफर्स के तहत उपभोक्ता इसे क्रमश:11,499 रुपये और 12,999 रुपये की कीमत पर खरीद सकते है। इसमें जबरदस्त परफॉरमेंस के लिए क्वॉलकॉम स्नैपड्रेगन 680 और 6.71 इंच में फुल एचडी+80 हटर्ज का विशालकाय डिस्प्ले लगाए गए हैं। गैलेक्सी ए05 एस एक साथ कई काम करने के लिए और शानदार तरीके से मोबाइल देखने के लिए एकदम परफेक्ट है। इसके 50 एमपी के मेन कैमरे से आप शानदार तस्वीरें खींच सकते है। इसमें आपको 25 वॉट की फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करने वाली लंबे समय तक चलने वाली 5000 एमएएच की बैटरी मिलती है, जिससे फोन लम्बे समय तक काम करता है। गैलेक्सी ए05 एस चार साल के सिक्योरिटी अपडेट्स और दो जेनरेशन के ओएस अपग्रेड के साथ भविष्य के लिये तैयार स्मार्टफोन है। गैलेक्सी ए05 एस अब रिटेल स्टोर्स, सैमसंग डॉट कॉम (Samsung.com) और दूसरे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। गैलेक्सी ए34 5जी की वास्तविक कीमत 30,999 रुपये से शुरू होती है। उपभोक्ता अब इसे केवल 25,999 रुपये की प्रभावी कीमत पर खरीद सकते हैं, जिसमें उन्हें 3,500 रुपये का कैशबैक और ऐक्सिस बैंक का कार्ड इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को 1500 रुपये का अतिरिक्त कैशबैक मिलता है। शानदार गैलेक्सी ए54 5जी फोन खरीदने के इच्छुक लोग इस फोन का 8 जीबी+128 जीबी का वैरिएंट अब 33,499 रुपये की कम कीमत में खरीद सकते हैं। इस फोन का शुरुआती मूल्य 38,999 रुपये रखा गया है। इस ऑफर में 3500 रुपये के कैशबैक के साथ ऐक्सिस बैंक का कार्ड यूज करने वाले उपभोक्ताओं को 2000 रुपये का अतिरिक्त कैशबैक भी मिलता है। इसके साथ ही जो लोग बेहतर सुविधा चाहते हैं, वह इसे आसान मासिक किस्तों में भी खरीद सकते हैं।

## थंडर के खिलाफ रेनेगेड्स के बीबीएल मैच के बाद शॉन मार्श पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेंगे




**सिडनी( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज शॉन मार्श ने घोषणा की है कि मेलबर्न रेनेगेड्स के सिडनी थंडर के खिलाफ मौजूदा बिग बैश लीग (बीबीएल) सीजन का अपना अंतिम मैच खेलने के बाद पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। मार्श ने अपने रेनेगेड्स टीम के साथी और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच के पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने का अनुसरण किया है। उन्होंने पिछले घरेलू सत्र के अंत में प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। मुझे रेनेगेड्स के लिए खेलना पसंद है, मैं पिछले पांच वर्षों में कुछ महान लोगों से मिला हूं और मैंने जो दोस्ती बनाई है वह जीवन भर रहेगी। यह खेलने वाला समूह विशेष है। वे मेरे लिए अद्भुत रहे हैं, अद्भुत टीम के साथी और और भी अच्छे दोस्त। हमारे सदस्य और प्रशंसक सबसे अधिक भावुक हैं और मैं यात्रा के दौरान उनके समर्थन के लिए बहुत आभारी हूं। हमारे साथ बने रहें, इस समूह में बड़ी मात्रा में प्रतिभाएं हैं और मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि वे इस समूह का नेतृत्व करेंगे। मार्श ने बीबीएल क्लब द्वारा जारी एक बयान में कहा, रेनेगेड्स के कोचों और कर्मचारियों और पर्दे के पीछे के सभी लोगों को ङ्क शुरू से और मेरे अंतिम वर्षों में मेरा समर्थन करने के लिए धन्यवाद। इससे बीच में मेरा काम थोड़ा आसान हो गया है। 40 वर्षीय ने पर्थ स्कॉर्चर्स के साथ 40 मैचों के बाद बीबीएल के नौवें सीज़न से पहले रेनेगेड्स में कदम रखा, जिसमें बैक-टू-बैक चैंपियनशिप खिताब शामिल थे। शीर्ष क्रम में किसी भी स्थान पर बल्लेबाजी करने की उनकी क्षमता ने उन्हें रेनेगेड्स के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति बना दिया। मार्श, जिन्होंने 2008 से 2019 तक तीनों प्रारूपों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, वर्तमान में बीबीएल में सर्वकालिक रन-स्कोरर सूची में छठे स्थान पर हैं। एसओएस उन लोगों में से एक है जिसे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसके साथ या उसके खिलाफ खेलने वाले किसी भी व्यक्ति द्वारा सार्वभौमिक रूप से पसंद और प्रशंसा की जाती है। अगर ऑस्ट्रेलिया में मेरे पास कोई बल्लेबाज हो जो साजिश रचने और लक्ष्य का पीछा करने में मदद कर सके, तो वह एसओएस होगा। रेनेगेड्स क्लब के मुख्य कोच डेविड सेकर ने कहा, उनके पास असली ताकत है और उनके पास सही समय पर सही शॉट का इंतजार करने का अनुभव है जो टी20 क्रिकेट में महत्वपूर्ण है।

## शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी, पहली बार सेंसेक्स 73000 और निफ्टी 22000 के पार



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** शेयर बाजार में सोमवार को नया रिकॉर्ड हाई बना। बाजार के प्रमुख इंडेक्स ऑल टाइम हाई पर कारोबार कर रहे हैं। पहली बार सेंसेक्स 73000 और निफ्टी 22000 के पार पहुंच गया है। बाजार में सबसे ज्यादा खरीदारी आईटी सेक्टर में दर्ज की जा रही। विप्रो में 10त्न का अपर सर्किट लगा। ।।ष्टरु ञ्जद्गष्द्ध और टेक महिंद्रा में 4-4 फीसदी की उछाल है। इससे पहले शुक्रवार को सेंसेक्स 847 अंक ऊपर 72,568 पर बंद हुआ था। शेयर मार्केट बीते हफ्ते इतिहास रच चुका है। एनएसई निफ्टी ऑल टाइम हाई 21928 और बीएसई सेंसेक्स 72720 के सर्वोच्च शिखर को छू चुका है। इस हफ्ते एचडीएफसी बैंक, एचयूएल, एशियन पेंट्स, इंडसइंड बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट जैसे प्रमुख कंपनियां अपने नतीजों की घोषणा करेंगी। इसका असर शेयर बाजार पर पड़ेगा। आज स्टॉक मार्केट की चाल थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर निर्भर करेगी। दिसंबर के लिए थोक महंगाई दर के आंकड़े आज आ रहे हैं। अडानी एंटरप्राइजेज- इसकी सहायक कंपनी अडानी न्यू इंडस्ट्रीज को ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन स्कीम के लिए सालाना 198.5 मेगावाट की इलेक्ट्रोलाइजर-मैन्यूफैक्चरिंग क्षमता स्थापित करने के लिए सोलर एनर्जी कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (स्श्वष्टढ्ढ) से एक कांट्रैक्ट मिला है। विप्रो- विप्रो ने दिसंबर तिमाही के लिए आईटी सर्विसेज से 22,150.8 करोड़ रुपये का रेवेन्यू प्राप्त किया, जो पिछली तिमाही से 1.09त्न कम है।

## अमेज़न को टक्कर देने के लिए फेडएक्स ने की नए डेटा-संचालित वाणिज्य मंच की घोषणा

**सैन फ्रांसिस्को( एजेंसी )।** कूरियर डिलीवरी सेवा दिग्गज फेडएक्स ने ई-कॉमर्स दिग्गज अमेज़ॅन को टक्कर देने के लिए एफडीएक्स नामक एक नए डेटा-संचालित वाणिज्य मंच की घोषणा की है। कंपनी ने एक बयान में कहा, वाणिज्य मंच संपूर्ण ग्राहक यात्रा को जोड़ेगा, इससे कंपनियों के लिए मांग बढ़ाना, रूपांतरण बढ़ाना, पूर्ति को अनुकूलित करना और रिटर्न को सुव्यवस्थित करना आसान हो जाएगा। फेडक्स के अध्यक्ष और सीईओ, राज सुब्रमण्यम ने कहा, फेडक्स हमारे व्यापक भौतिक परिवहन नेटवर्क द्वारा संचालित एक डिजिटल नेतृत्व वाले व्यवसाय में बदल रहा है, जो प्रति दिन 15 मिलियन पैकेजों को स्थानांतरित करने से हमारे पैमाने और अंतर्दृष्टि का लाभ उठा रहा है। सुब्रमण्यम ने कहा, एफडीएक्स के माध्यम से, हम सभी आकार के व्यापारियों के साथ अपने दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ाएंगे ताकि उन्हें डिजिटल इंटेलिजेंस के माध्यम से अपने व्यवसाय को अनुकूलित करने और बढ़ाने में मदद मिल सके। एफडीएक्स प्लेटफॉर्म व्यापारियों को मांग से




लेकर डिलीवरी और रिटर्न तक अधिक रणनीतिक लॉजिस्टिक्स निर्णय लेने में मदद करेगा। प्लेटफ़ॉर्म का आधिकारिक लॉन्च शरद ऋतु 2024 में करने की योजना है। एफडीएक्स प्लेटफ़ॉर्म वर्तमान में एक निजी पूर्वावलोकन (अनुरोध पर) के रूप में उपलब्ध है। अतिरिक्त डिजिटल क्षमताएं जो इस गिरावट में एफडीएक्स लॉन्च का हिस्सा होंगी, उनमें ऑर्डर प्रबंधन प्रणालियों में वास्तविक समय फेडेक्स नेटवर्क अंतर्दृष्टि को एकीकृत करना शामिल है।

## पटना पाइरेट्स ने दबंग दिल्ली के साथ रोमांचक ड्रॉ खेला



**जयपुर( एजेंसी )।** यहां के सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) मैच में अंतिम मिनट के रोमांचक मुकाबले में पटना पाइरेट्स दबंग दिल्ली के खिलाफ 39-39 से बराबरी हासिल करने में सफल रही। दिल्ली दबंग के आशु मलिक ने आठवें मिनट में सुपर रेड के साथ खेल को परवान चढ़ाया और पटना पाइरेट्स की रक्षात्मक तिकड़ी ङ्क मनीष, अंकित और कृष्ण को मात दे दी। ऑल-आउट को रोकने के प्रयास में मंजीत ने शानदार सुपर टैकल को अंजाम दिया और अपनी टीम को खेल में बनाए रखा। दिल्ली दबंग केसी ने 16-10 की बढ़त हासिल करते हुए पहला ऑल-आउट लागू किया। इसने पटना पाइरेट्स को फिर से संगठित होने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने अपने प्रदर्शन में सुधार किया। शुरुआत में कमजोर प्रदर्शन के बावजूद सचिन ने रेड अंकों का योगदान दिया। प्रमुख कारक मलिक थे, जिन्होंने 9 महत्वपूर्ण अंक हासिल किए, जिससे दिल्ली दबंग केसी को हाफटाइम में छह अंकों का फायदा हुआ। मलिक की रेडिंग का दबदबा दूसरे हाफ में भी कायम रहा, जिससे पटना पाइरेट्स लड़खड़ा गई। जल्द ही दूसरा ऑल-आउट हुआ, जिससे दिल्ली दबंग को 28-19 की शानदार बढ़त मिल गई। मजबूत शुरुआत के बावजूद दिल्ली दबंग केसी को अंतिम क्वार्टर में पटना पाइरेट्स के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिससे उनकी संख्या में कमी आई। मोहित ने अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण सुपर टैकल किया, लेकिन आशीष को आक्रामक खेल के लिए पीला कार्ड मिला। फिर, पटना पाइरेट्स ने तीन मिनट शेष रहते हुए और अंतर को चार अंकों तक सीमित करते हुए ऑल-आउट कर दिया।

## फायरस्टोन ने 5 साल की वारंटी के साथ अपना अत्याधुनिक रोड हॉक 25 टायर लॉन्च किया

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**फायरस्टोन, एक वैश्विक ब्रांड, जिसकी 120 साल पुरानी विरासत है, ने आज अपना - फायरस्टोन रोडहॉक 25 पेश किया है, जो अगली पीढ़ी का टायर है और इसे शानदार स्थानीय और उन्नत तकनीकी विशेषताओं के साथ बनाया गया है। 5 वर्ष की वारंटी के साथ समर्थित, यह टायर नई उद्योग मानकों को स्थापित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, इस टायर में अपूर्व प्रदर्शन, बेहतर सुरक्षा, श्रेष्ठ माइलेज और उत्कृष्ट ब्रेकिंग क्षमताएँ मिलती हैं। फायरस्टोन का रोडहॉक 25 टायर हैचबैक, सेडान और CUV बाजार की मांग को पूरा करेगा। फायरस्टोन का रोडहॉक 25 टायर 12 से 16-इंच रिम आकार की अनुकूलता के साथ बनाया गया है।" हमारे लिए यह एक गर्व का क्षण है कि हमने अमेरिका के प्रतिष्ठित टायर ब्रैंड को पेश करने का निर्णय लिया है और हमारे उत्पादों में रोडहॉक 25 को शामिल किया गया है। टायर उद्योग में फ़ायरस्टोन का 1900 के दशक से चली आ रही एक समृद्ध विरासत है। हम यकीन रखते हैं कि रोड हॉक 25 ग्राहकों और हमारे चैनल पार्टनर्स के बीच अच्छी स्वीकार्यता प्राप्त करेगा," मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी श्री राजर्षि मोइत्रा ने कहा। ज्यादा माइलेज की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, इस टायर में एक अद्वितीय कम्पाउंड शामिल किया गया है, जिसमें उच्च कार्बन ब्लैक अनुपात होता है, जो बेहतर रोलिंग प्रतिरोध प्रदान करता है और टायर पर घर्षण को कम करता है। इसको मजबूत मटेरियल के साथ सुदृढ़ किया गया है, जिससे ब्रेकिंग प्रदर्शन में सुधार होता है और साथ ही सड़कों पर मजबूत ग्रिप भी सुनिश्चित होती है।

## नीरा वर्मा कृत फिल्म तहि बनबे मोर दुल्हनियां 19 जनवरी से प्रदर्शन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** बहुप्रतीक्षित मल्टीस्टारर छत्तीसगढ़ी फ़िल्म तहि बनबे मोर दुल्हनियांप्रदेश के अधिकतम सिनेमाघरों में 19 जनवरी से रिलीज़ हो रही है !फ़िल्म की निर्माता, निर्देशिका श्रीमती नीरा वर्मा ने बताया कि हमारा पूरा प्रयास है कि हम छत्तीसगढ़ के दर्शक को एक बेहतर तकनीकि और सिनेमैटिक फ़िल्म का अनुभव दे 7 फ़िल्म की आधुनिकता लेकर बताया कि पोस्ट प्रोडक्शन का सारा काम प्राइम फोकस मुंबई और बीजीएम जैम8 मुंबई मे हुआ है द्य फ़िल्म परिवारीक, एक्शन, रोमांस, कॉमेडी और ड्रामा से भरपूर है।क्रिएटिव प्रोड्यूसर ज्योतिरादित्य वर्मा जी ने भी बताया की फ़िल्मो में अक्सर छत्तीसगढ़ की सुंदरता को दिखाने




मे कम काम हुआ है। तो हमने ग्रामीण छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक सुंदरता को परदे मे उतारा एक अच्छी कहानी के साथ छत्तीसगढ़ की सुंदरता हरियाली इस फिल्म मे देखने को मिलेगी ,

फ़िल्म के मुख्य कलाकार एक्शन स्टार दिलेश साहू , सुपर स्टार एक्ट्रेस अनिकृति चौहान , जीत शर्मा , अनिल शर्मा , पुषेन्द्र सिंह , विक्रम राज , उपासना वैष्णव , अंकित सिंह देव , हेमा शुक्ला , अंशुल अवस्थी ,संगीता निषाद ,बोचकू और पूजा देवांगन हैं ।

फ़िल्म का फर्स्ट लुक और ट्रेलर आ चुका है एन वी एंटरटेनमेंट के यूट्यूब चैनल पर जिसे बहुत पसंद किया जा रहा है । इस फ़िल्म में दर्शकों को जबरदस्त एक्शन देखने मिलेगा, साथ ही सुपर स्टार अनीकृति का नया रूप दिखेगा । फ़िल्म के मुख्य विलेन के रूप मे जीत शर्मा को पहली बार ऐसे रोल मे देखा जायेगा।

फ़िल्म का संगीत बहुत प्यारा और मधुर है जाने माने संगीतकार सुनील सोनी जी , अलका चंद्राकर , तोशान्त कुमार और मोनिका वर्मा है ।

प्रोडक्शन हाऊस - एन व्ही इंटरटेन्मेंट सह निर्माता - संजय लाल कहानी - नीरा वर्मा संपादन ज्योतिरादित्य वर्मा, अमित मण्डल एवं राजेश सहयोगी (एसोसिएट) निर्देशक कौशल उपाध्याय एवं अनिरुध सुनील वर्मा डी ओ पी - पप्पू सिंग राजपूत सहायक निर्देशक सुशील श्रीवास्तव, अनुपमा मनहर, प्रोडक्शन मैनेजर राजू नगारची कोरियोग्राफर हिमान्शु कुमार एवं रोशलिन दास, एक्शन आनन्द शेट्टी ने किया।

**GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DEPARTMENT, OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER MAHANADI CIRCLE, RAIPUR (CHHATTISGARH)**

**e-PROCUREMENT TENDER NOTICE**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(First Call)**

**System Tender No. 151225/ NIT No.: 31/SAC/23-24** **Dated: 12.01.2024**

Online Tenders are invited for the following works up to **02.02.2024 at 17.30 Hours.**

**Name of work** - Construction of Doma Stopdam in Block Abhanpur, District Raipur.

**Probable Amount of Contract: Rs. 177.02 Lakhs**
**(As per S.O.R dated 01.08.2010 and amended upto dated 22.08.2022).**

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh Integrated e-Procurement Portal Portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) from **Date 19.01.2024, at 17.31 Hours**.(IST) onwards.

**NOTE** :- All eligible/intrested contractors/bidders are mandated to get enrolled on the Integrated e-procurement portal (**https://eproc.cgstate.gov.in**) and get approval on specific vendor class from PWD under Centralized Contractor/Supplier Registration in order to download the tender documents and participate in the subsequent bidding process.

**Executive Engineer**
**Water Management Division No. 1, Raipur**
**For, Superintending Engineer**
**Mahanadi Circle, Raipur (C.G.)**

G-07094/2

## मुख्यमंत्री साय ने गुरू गोविंद सिंह जयंती पर दी शुभकामनाएं

**रायपुर (विसं)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सिखों के 10वें गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविन्द सिंह जी की 17 जनवरी को जयंती के अवसर पर सिख समाज सहित प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि गुरु गोविंद सिंह आध्यात्मिक गुरु और दार्शनिक होने के साथ निडर योद्धा भी थे। उन्होंने प्रेम, एकता, भाईचारे का संदेश दिया। उनके जीवन का दर्शन था, धर्म का मार्ग सत्य का मार्ग है और सत्य की सदैव विजय होती है। गुरु गोविंद सिंह की जयंती देशभर में श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाई जाती है। गुरुद्वारों में शबद, कीर्तन, आराधना के साथ लंगर का आयोजन किया जाता है।

# संक्षिप्त समाचार

## मकर संक्रांति के उपलक्ष में हरियाणा महिला समिति टाटीबंध द्वारा दृष्टिहीन बच्चों को सामग्री वितरित



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज मकर संक्रांति के उपलक्ष में हरियाणा महिला समिति टाटीबंध ने हीरापुर टाटिबंध में स्थित दृष्टिहीन बच्चों को एक दिन का नस्ता, भोजन, कपड़े, जूते, पर्स, पेन, पेंसिल, कॉपी और अन्य सामग्री दान किया। समिति की अध्यक्ष राजवन्ती शर्मा, परमेश्वरी शर्मा, राज बाला, मुन्नी, सुनीता, पूनम, चित्रा सिंघानिया, सोभा सिंह, सुरेश देवी, सुमित्रा, प्रेम, सुमन, कविता, कमलेश, कृष्णा, राजबीर पिछले 16 वर्षों से इस धार्मिक कार्य को कर रहे है।

## महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चों ने मनाया पोंगल उत्सव



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल प्रांगण में शहीद राजगुरु हाउस में सोमवार को पोंगल त्योहार धूमधाम से मनाया। इस मौके पर बच्चों ने पोंगल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। दक्षिण भारतीय परिधान में डी. अंजलि राव, दीपक राव ने अभिनय से प्रभावित किया। छात्राओं प्रतिमा दास, मिस्टी बर्मन, छात्र ओजस अग्निवंशी ने पोंगल के बारे में सारगर्भित जानकारी दी। शिक्षिका अस्मिता कुसरे ने भी पोंगल कैसे, क्यों और कब मनाया जाता है, के बारे में बच्चों को बताया। अपर्णा आठले ने बच्चों की प्रस्तुतियों व पोंगल पर्व पर उनकी जानकारी की सराहना की। पोस्टर बनाकर ओजस अग्निवंशी ने इस त्यौहार को समझाने का प्रयास किया। शहीद राजगुरु हाउस की प्रमुख अनिता सोनी ने कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया।

महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में शहीद राजगुरु हाउस के बच्चे पोंगल पर्व की जानकारी देते हुए।

## कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह अचानक पहुंचे नवोदय विद्यालय, उपलब्ध सुविधाओं की हुई समीक्षा, विद्यार्थियों से लिया फीडबैक



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने माना में संचालित नवोदय विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में छात्र-छात्राओं से बात की। उन्होंने प्राचार्य से कहा है कि केन्द्र व राज्य शासन के निर्देशों का पूर्णतः परिपालन करते हुए सभी मूलभूत सुविधाएं बच्चों को निरंतर मिलती रहे, इसका विशेष ध्यान रखें, साथ ही सुविधाओं के उन्नयन की सभी व्यवस्थाएं 20 दिन के भीतर पूरी करें। इस दौरान नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा एवं जिला पंचायत रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप भी उनके साथ थे।

कलेक्टर डॉ. सिंह सुबह अपने नियमित निरीक्षण भ्रमण की कड़ी में अचानक नवोदय विद्यालय पहुंचे। शिक्षकों से मिलने के पहले अपनी कक्षा में जाने की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से उनके छात्रावास में जाकर मुलाकात की एवं वहां उपलब्ध पानी, बिजली व साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता पर राय ली। इस दौरान वे भोजन कक्ष में जाकर स्वयं भोजन की गुणवत्ता की पड़ताल की और नवोदय प्रबंधन से कहा कि निर्धारित आहार तालिका के अनुरूप ही भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने खिड़की, दरवाजे की मरम्मत शुद्ध पेयजल की हर समय उपलब्धता और शिक्षकों का नियमित अध्यापन सुनिश्चित करने भी कहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से भी कहा कि हर शासकीय संपत्ति उनकी सुविधा को ध्यान में रखकर उपलब्ध कराई जाती है, अतः पानी का अपव्यय, फर्नीचर, टोटियों आदि का रख-रखाव में छात्र-छात्राएं भी पूरी जिम्मेदारी से सहयोग करें।

## एम.डी. श्री अबिनाश मिश्रा ने की स्मार्ट सिटी मिशन के योजनाओं की समीक्षा

**गुणवत्ता के साथ समय पर प्रोजेक्ट पूरा करने के निर्देश, विलंब पर होगी सख्त कार्यवाही**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नगर निगम आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक श्री अबिनाश मिश्रा ने आज स्मार्ट सिटी मिशन के तहत संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी प्रोजेक्ट प्रमुखों व कार्य एजेंसियों से कहा है कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का पूर्णतः ध्यान रखते हुए परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। लापरवाही बरतने वाले एजेंसियों पर अनुबंध के शर्तों के अधीन सख्त कार्यवाही होगी। बैठक में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (ई. एंड टी.) श्री पी.के. पंचायती सहित प्रबंधक व कार्य एजेंसियों के प्रमुख, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट शामिल हुए।

नगर निगम मुख्यालय गांधी सदन के सभाकक्ष में आहूत इस बैठक में सभी प्रोजेक्ट्स की सिलसिलेवार समीक्षा हुई। उन्होंने निर्माणाधीन प्रोजेक्ट के निरीक्षण भ्रमण के दौरान कार्य एजेंसी और प्रोजेक्ट प्रमुख को अनिवार्यतः उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए है। महाराजबंध तालाब में एस.टी.पी. निर्माण कार्य पर चर्चा करते हुए उन्होंने प्रोजेक्ट आगामी 15 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह अंडर ग्राउंड केबलिंग, 24ङ्ग7 जलापूर्ति, मोतीबाग स्मार्ट लाइब्रेरी, शास्त्री मार्केट, मटन मार्केट, बूढ़ातालाब सड़क निर्माण व पेरिफेरल रोड पाथवे निर्माण, महाराजबंध, नरैया एवं खो-खो तालाब में एस.टी.पी. स्थापना, छुईया तालाब आदि कार्य की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में अवगत कराया गया कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत 328 प्रोजेक्ट्स पूरे हो चुके है एवं वर्तमान में 12 प्रोजेक्ट प्रगति पर हैं। आयुक्त श्री मिश्रा ने यह भी निर्देशित किया है कि पूर्ण प्रोजेक्ट्स के रख-रखाव पर भी ध्यान दें एवं संधारण के सभी शर्तों का नियमानुसार पालन सुनिश्चित कराएं।

## श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय द्वारा राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव आरोहण-2024 का आयोजन

**क्यू.आर. कोड स्कैन कर उच्चतर.मा.विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के विद्यार्थी कर सकते है निःशुल्क पंजीयन**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में परिकल्पना को पूर्ण करने में अग्रसर है। विश्वविद्यालय द्वारा 29 जनवरी 2024 से सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव आरोहण-2024 का आगाज करने जा रहा जिसका समापन 4 फरवरी 2024 को होगा। इस महोत्सव में विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और विद्यालय के न्यूनतम 15 वर्ष आयू के सभी विद्यार्थी भाग ले सकते है। इस महोत्सव में राज्य के माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री भी करेंगे शिरकत। लाइव कॉन्सर्ट में बॉलीवुड की मशहूर युवा गायिका पावनी पाण्डेय अपने सुरों से करेंगी एंटरटेनमेंट।

29 जनवरी को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय केबिनेट मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल मशाल जलाकर आरोहण-2024 को करंगे आरंभ। निर्धारित आयोजन के अनुसार 29 जनवरी से कबड्डी, क्रिकेट, फुटबॉल, वालीबॉल, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, खो-खो, आर्चरी, कैरम, शतरंज, योग, लांग व हाई जंप, शार्ट व मिडिल व लांग डिस्टेंस रेस, रिले व हर्डल रेस, जेवलिन थ्रो खेल में प्रदेश व अन्य प्रदेश के खिलाड़ी विद्यार्थी भी भाग लेंगे।

आरोहण खेल एवं सांस्कृतिक उत्सव

म्यूजिकल इवेंट में गायन एवं वादन की स्पर्धा, एकल एवं ग्रुप डांस स्पर्धा, सोलो और ग्रुप प्ले (नाट्य) स्पर्धा, फाइन आर्ट के तहत रंगोली, पेंटिंग और कोलाज़ स्पर्धा का आयोजन होगा। विद्यार्थियों के लिए तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता भी रखी गई है। इसके अलावा यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा प्रतिदिन शाम में 3 से 4 बजे तक इनहॉउस सांस्कृतिक संध्या क्रार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा।

4 फरवरी को समापन समारोह में मुख्य अतिथि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सभी विजेताओ एवं प्रतिभागियों को करेंगे सम्मानित। अंत में सुप्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका पावनी पाण्डे देंगी प्रस्तुति।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने शुरू की बॉब 360- एक अल्पकालिक जमा योजना

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** एक विशेष घरेलू रिटेल मीयादी जमा योजना जो जमाकर्ताओं को 1 वर्ष से कम परिपक्वता की जमा राशि पर बड़े बैंकों के बीच सबसे आकर्षक ब्याज दरें प्रदान करती है।

360 दिनों के लिए 7.10 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से कमाएं; वरिष्ठ नागरिकों के लिए दर 7.60 प्रतिशत प्रति वर्ष 15 जनवरी, 2024¬भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज एक विशेष अल्पकालिक रिटेल जमा योजना 'बॉब 360 जमा योजना' शुरू करने की घोषणा की है जो 360 दिनों के लिए 7.60 प्रतिशत प्रति वर्ष तक उच्च ब्याज दर ऑफर कर रही है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए 0.50 प्रतिशत प्रति वर्ष अतिरिक्त ब्याज दर शामिल है। यह योजना 15 जनवरी, 2024 को शुरू होगी और 2 करोड़ रुपये से कम की रिटेल जमाओं पर लागू होगी।

बड़े बैंकों के बीच, 1वर्ष से कम परिपक्वता की सावधि जमा के लिए यह जमाकर्ताओं को ऑफर की जा रही सबसे आकर्षक दरों में से एक है।

**बॉब 360 जमा योजना दिनांक 15.01.2024 से लागू :** अवधि- 360 दिन, निवासी/ जन सामान्य /एनआरओ- 7.10 प्रतिशत प्रति वर्ष, निवासी भारतीय के वरिष्ठ नागरिक- 7.60 प्रतिशत प्रति वर्ष।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक श्री जयदीप दत्ता राय ने कहा, बॉब 360 उन जमाकर्ताओं के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है जो कम समय अवधि के लिए उच्च ब्याज दरों और सुनिश्चित रिटर्न की तलाश में हैं। साथ ही, बॉब 360 बैंक को अल्पकालिक रिटेल सावधि जमा में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने और जमा की लागत के प्रभावी प्रबंधन में मदद करेगा।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मौजूदा और नए ग्राहक पूरे भारत में बैंक की किसी भी शाखा के माध्यम से बॉब 360 खोल सकते हैं, जबकि बैंक के नेट बैंकिंग (बॉब वर्ल्ड इंटरनेट) प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन एफडी भी खोलसकते हैं। मौजूदा ग्राहक मोबाइल ऐप (बॉब वर्ल्ड) के माध्यम से ऑनलाइन एफडी भी खोल सकते हैं।

## बिरला व्यापार सहयोग केन्द्र की बैठक सम्पन्न रायपुर से छगन मुंदडा ने किया प्रतिभाग





**चैन्नई ( विश्व परिवार )।** विक्रम बिरला व्यापार सहयोग केन्द्र चेन्नई की बैठक संस्था की अध्यक्षा श्रीमती राजश्री जी बिरला कार्यकारी अध्यक्ष श्री बंसी लाल राठी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संदीप काबरा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीश्याम सोनी श्री राम पाल सोनी सचिव श्री नवल किशोर राठी कोषाध्यक्ष श्री आनंद राठी संचालक छगन लाल मुंदडा, राम रतन मुंदडा सहित वरिष्ठ समाजिक बंधुओं की गरिमा पूर्ण उपस्थिति में मद्रास में सम्पन्न हुई।

## आंजनेय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव संपन्न



**10 लाख से ऊपर के मिले पैकेज, 40 से अधिक की तत्काल नियुक्ति**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मंगलवार को आंजनेय विश्वविद्यालय में दो दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का संपन्न हुई। जिसमें कई युवाओं को 10 लाख से ज्यादा के पैकेज मिले।

विश्वविद्यालय चांसलर श्री अभिषेक अग्रवाल ने प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल युवाओं को शुभकामनाएं दी साथ ही उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आगे भी भविष्य में प्रदेश के युवाओं के लिए ऐसे अवसर प्रदान करते रहेंगे।

**40 को तत्काल मिली नियुक्ति :** दो दिनों तक चले इस प्लेसमेंट ड्राइव में लगभग 500 से ज्यादा युवाओं ने भाग लिया। जिसमें 40 प्रतिभागियों को तत्काल नियुक्ति पत्र दिया गया।

**सुप्रसिद्ध कंपनियां हुई शामिल :** टाटा मोटर्स, पेटीएम, एचडीएफसी बैंक, हनीवेल, जब्रोनिक, एसबीआई समेत 34 कंपनियां शामिल हुई।

**इन पदों पर हुई नियुक्ति :** सॉफ्टवेयर, ऑटोमोबाइल, मेकेनिकल, कंप्यूटर इंजीनियर, सेल्स मैनेजर, एचआर, मार्केटिंग, बैक ऑफिस स्टाफ, ट्रेनी इंजीनियर, फार्मेसिस्ट समेत कई पदों पर तत्काल चयन कर नियुक्ति पत्र दिया गया।

प्लेसमेंट ड्राइव के समापन के अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी.रामाराव, प्रो. वाइस चांसलर सुमित श्रीवास्तव, डायरेक्टर जनरल डॉ. बीसी जैन उपस्थित थे। प्लेसमेंट ड्राइव का संयोजन डॉ. प्रांजली गनी ने किया।

## डॉ. कालड़ा ने शैलजा को दी नई जिंदगी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** पचपेढ़ी नाका, कलर्स माल के आगेस्थित कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर (छ.ग. शासन व छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल से मान्यता प्राप्त व एनएबीएच सर्टिफाइड) के संचालक व अंचल के प्रसिध्द कॉस्मेटिक व रिकन्स्ट्रटीव सर्जन डॉ. सुनील कालड़ा ने बताया कि 18 अटूबर 2023 को 38 वर्षीय शैलजा (शहडोल निवासी) के कपड़ों में घरेलू कार्य करते हुए आग लग गई। जैसे ही शरीर में आग लगी तो उसे पास के अस्पताल ले गये व बाद में बिलासपुर में प्राइमरी ईलाज किया गया, मगर मरीज में कोई सुधार नही दिखा और मरीज की हालत और खराब होते चली गई, मरीज की तबीयत खराब होता देख परिजन मरीज को कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर, रायपुर लाया गया एवं गहन ईलाज में रखकर ईलाज किया गया। शैलजा का करीब 2-3 माह तक ईलाज चला उसके बाद स्वस्थ होकर सकुशल आज घर जा रही है। उसका बेहतर ईलाज कर उसे नई जिंदगी दी। शैलजा लगभग 55 से 60 प्रतिशत तक जल गई थी। बहुत ही गहरा जल गई थी। बचने की उम्मीद कम हो गई थी। सुपर बर्न आईसीयू में रखकर रोज ड्रेसिंग की गई, उनका लड व प्लेटलेट नही बन रही थी, लगभग 30-40 बॉटल लड/प्लेटलेट लगी। 2 बार स्कीन बैंक से स्कीन लगाई गई। शैलजा का ईलाज डॉ. सुनील कालड़ा, डॉ. सुंदरानी, डॉ. दास, डॉ. गोयल, डॉ. कुलकर्णी, गुलाब, बलराम एवं समस्त नर्सिंग स्टॉफ की देखरेख में हुआ।

उत जानकारी देते हुए उन्होंने आगे बताया कि वे विगत 33 वर्षों से कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर में जले हुए मरीजों का ईलाज हो रहा है। यह सेंटर प्रदेश का एकमात्र सर्वसुविधायुत अस्पताल है जहां बर्न मरीजों की बहुत ही अच्छी तरह से केयर की जाती है। जिससे 90 प्रतिशत जले मरीजों को भी ठीक किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि जलने के बाद यदि मरीजों का सही तरह से ईलाज नहीं होता है तो जिससे जान को खतरा बन जाता है व बाद में स्कीन मोटी हो जाती है जिससे शरीर में खुजली होने लगती है व शरीर के हिस्से जैसे हाथ, पैर या गर्दन की स्कीन चिपक जाती है। जिससे

मरीज सामान्य जीवन नही जी पाता। इन सभी विकृतियों का भी ईलाज भी हमारे अस्पताल में किया जाता है। हमारे यहां एसलूजिव स्कीन बैंक भी है जिसकी स्कीन इस मरीज को लगाई गई है जोकि संपूर्ण भारत में बहुत ही कम जगहों पर उपलध है। स्कीन बैंक में मृत्यु उपरांत मरीजों की स्कीन को 6 घंटे के भीतर सुरक्षित निकाला जाता है और उसे 5 साल तक स्टोर कर सुरक्षित स्कीन बैंक में रखा जाता है। गंभीर व जले हुए मरीजों को स्कीन की जरूरत पड़ने पर मरीज के शरीर में लगाया जा सकता है। स्कीन बैंक में कोई भी जीवित या मृत अपनी इच्छानुसार अपनी स्कीन दान कर सकता है। उन्होंने आगे बताया कि हमारे यहां बर्न सेंटर में निम्न सुविधाएं उपलध है। 10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100 प्रतिशत जीवाणु रहित ग्लास केबिन, मल्टीपैरा मॉनीटर्स, वेंटिलेटर, सेंट्रल ऑसीजन सप्लाई, सेंट्रल सशन, जले हुए मरीजों हेतु विशेष बिस्तर, प्रति बिस्तर के लिए समर्पित स्टॉफ शॉवर ट्राली (जर्मनी से आयातित), संपूर्ण भारत का प्रथम एस्लूजिव बर्न यूनिट, जलने के बाद की विकृतियों का संपूर्ण ईलाज, डायलिसीस की सुविधा, संपूर्ण ओटी व आईसीयू लेमिनर एयर फ्लो, डॉ. कालडा ने बताया कि उनका अस्पताल एकमात्र ऐसा अस्पताल है जहां बर्न एवं लेजर सिस्टम की सुविधा है साथ ही स्पेशल ड्रेसिंग की सुविधा भी है जिससे घाव जल्दी भरता है।

## ट्रेनों में आगजनी से बचाव के लिए एडवांस फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम करेगा आगाह

**दपूम रेलवे की 450 एसी कोचों, पावर एवं पैंट्रीकार को एडवांस फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम से किया गया लैस**

**यह सिस्टम धुंआ डिटेक्ट कर अलार्म, लाइट इंडिकेटर, ऑडियो साउंड से यात्रियों को करेगा सतर्क**



**रायपुर/बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और बेहतरीन यात्रा अनुभव के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। इसी श्रृंखला में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अपने सभी एसी कोच में फायर स्मोक डिटेक्शन व सप्रेशन प्रणाली से लैस कर लिया है। अब तक 450 से अधिक एसी कोच, पैंट्री एवं पावर कारों को इससे लैस किया गया है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी एसी कोच में फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम के अंतर्गत लगभग 8-11 स्मोक सेंसर लगाए गए हैं, जो कोच के शौचालयों के गैंगवे एरिया और कोच के अंदर उपयुक्त स्थान पर लगे हैं। स्मोक डिटेक्शन एक लूप में कंट्रोल मॉड्यूल से जुड़ा होता है। आग लगने की स्थिति में यह कंट्रोल मॉड्यूल ऑडियो विजुअल साउंड अलार्म, लाइट इंडिकेटर, प्रीलोडेड घोषणा के लिए पीए सिस्टम और ब्रेक का स्वचालित रूप से कार्यरत हो जाएगा तथा ट्रेन को रोककर और यात्रियों को सतर्क करने में मदद करता है। यहीं नहीं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में ट्रेनों के पावर कार एवं पैंट्रीकार में भी एडवांस फायर एंड स्मोक डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम के तहत एस्पीरेशन एवं हीट टाइप फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सेंसर्स, सप्रेशन आउटलेट, पीएलसी पैसेंजर अलार्म बजर आदि उपकरण लगाए गए हैं। ट्रेनों के पावर कार एवं पैंट्रीकार में फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम लगने से आने वाले दिनों में ट्रेन के अंदर आग लगने से पहले ही फायर स्मोक डिटेक्शन सिस्टम से अलार्म बजने लगेगा। जिससे, आग पर समय रहते काबू कर लिया जाएगा। धुंआ, चिंगारी या आग का संकेत मिलते ही सिस्टम में लगे सेंसर सक्रिय हो जाएगा, अलार्म बजने के साथ दोनों सिलेंडर क्रियाशील होकर प्रेशर बनाने लगेंगे। कुछ देर में नाइट्रोजन और पानी का मिश्रण पाइपों में प्रवाहित होने लगेगा। दबाव बढ़ते ही वाल्व खुल जाएगा और नाइट्रोजन मिश्रित पानी का बौछार शुरू हो जाएगा। इस प्रकार आग बुझाने पर काबू पा लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त एसी कोचों में धुम्रपान करने वाले भी चिन्हित किए जा सकते हैं। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसे धुम्रपान करने वालों से सहयात्रियों को दिक्कत होती है तथा ट्रेनों में आगजनी की घटना होने की संभावना रहती है। अब चलती ट्रेने में धुम्रपान से और धुंआ उठते ही अर्लाम अर्लट कर देगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पहले पेंट्रीकार से गैस के सिलेंडर हटाया जा चुका है।

वर्तमान में यह फायर एंड स्मोक डिटेक्शन सिस्टम बिलासपुर- नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, शिवनाथ एक्सप्रेस, बिलासपुर - पटना एक्सप्रेस, बिलासपुर ङ्क पुणे एक्सप्रेस के साथ जनशताब्दी समेत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की 28 जोड़ी ट्रेनों के एसी कोचों में लगाया जा चुका है। इसमें बिलासपुर मंडल की 14 जोड़ी, रायपुर मंडल की 13 जोड़ी एवं नागपुर मंडल की एक जोड़ी ट्रेनों के सभी एसी कोच, पावरकार एवं पेंट्रीकार में यह सिस्टम लगाया जा चुका है। हर कोच में औसतन 8 से 11 स्मोक डिटेक्टर लगाए गए हैं।

## उप मुख्यमंत्री साव ने जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश



**रायपुर ( विसं )।** उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री अरुण साव ने आज रायपुर के ''नीर भवन'' में विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में प्रदेशवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर नल से जल उपलब्ध कराने की महती मुहिम शुरू की है। इसे लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए सभी अधिकारी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने विभाग में रिक्त पदों को जल्दी भरने पर भी जोर दिया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और प्रमुख अभियंता श्री एम.एल. अग्रवाल सहित विभाग के सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता समीक्षा बैठक में मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री ने जिलेवार सभी विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभाग द्वारा स्थापित हैंडपंपों के संधारण एवं सुधार के लिए विशेष अभियान चलाकर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हैण्डपम्प पेयजल का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। यह हमेशा चालू हालत में रहे, यह सुनिश्चित किया जाए।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354